

इरकॉन

# 36वीं वार्षिक रिपोर्ट
# 2011-2012



## इरकॉन इन्टरनेशनल लिमिटेड

## विज़न

आधार संरचना के क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों और सेवाओं के सम्पूर्ण आयाम को शामिल करते हुए इस क्षेत्र की सर्वोत्तम कम्पनियों की तुलना में विशिष्टता प्राप्त निर्माण संगठन के रूप में देश तथा विदेशों में अपनी पहचान बनाना।

## लक्ष्य

क) भारत तथा विदेशों में परिवर्तनशील आर्थिक परिदृश्य के अवसंरचनात्मक विकास की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम्पनी को प्रभावपूर्ण रूप से तैयार करना।

ख) सर्वोत्तम इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप व समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद व सेवाएँ प्रदान करके अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करना।

# विषय-सूची

पृष्ठ सं.


| | |
|---|---|
| निदेशक मंडल | 3 |
| विगत पांच वर्षों के दौरान कार्य का निष्पादन | 4 |
| अध्यक्ष का संबोधन | 5 |
| निदेशक की रिपोर्ट | 7 |
| धारणीय विकास रिपोर्ट | 20 |
| प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट | 21 |
| कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट | 25 |
| कॉर्पोरेट शासन पर प्रमाणपत्र | 37 |
| पुरस्कार और प्रमाणपत्र | 38 |
| इरकॉन की वित्तीय विशेषताएं | 40 |
| **वार्षिक लेखे 2011-12** | |
| तुलन पत्र | 42 |
| लाभ और हानि का विवरण | 43 |
| रोकड़ प्रवाह विवरण | 44 |
| लेखाकरण की महत्वपूर्ण नितियाँ (नोट सं.1) | 45 |
| प्रकटनों सहित लेखों में टिप्पणियां - (नोट सं.2 से 49) | 50 |
| लेखापरीक्षक की रिपोर्ट | 80 |
| नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां | 84 |
| **इरकॉन तथा उसकी 100% सहायक कंपनी, इरकॉन आईएसएल के समेकित वित्तीय विवरण:** | |
| समेकित तुलन पत्र | 86 |
| समेकित लाभ और हानि विवरण | 87 |
| समेकित रोकड़ प्रवाह विवरण | 88 |
| लेखाकरण की महत्वपूर्ण नीतियाँ-नोट सं.1 (समेकित) | 89 |
| प्रकटनों सहित लेखों में टिप्पणियां -नोट सं.2 से 49 (समेकित) | 93 |
| समेकित वित्तीय विवरण पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट | 123 |

इरकॉन

पंजीकृत कार्यालय
प्लॉट सं.सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत
नई दिल्ली-110017

**कम्पनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि)**
**ललिता गुप्ता**

**मुख्य बैंक**
इंडियन ओवरसीज बैंक
भारतीय स्टेट बैंक
एचडीएफसी बैंक

**सांविधिक लेखापरीक्षक**
**वाही एंड गुप्ता,**
**सनदी लेखाकार,**
**होटल रैक्स बिल्डिंग (ओबीसी बिल्डिंग),**
**5, नेताजी सुभाष मार्ग,**
**दरियागंज, नई दिल्ली-110002**

इरकॉन का कार्पोरेट कार्यालय भवन, साकेत, नई दिल्ली

# निदेशक मंडल

## अध्यक्ष

ए. पी. मिश्रा
*अंशकालीन निदेशक (सरकारी)*

## पूर्णकालीन निदेशक

मोहन तिवारी
*प्रबंध निदेशक*

हितेश खन्ना
*निदेशक निर्माण*

के. के. गर्ग
*निदेशक वित्त*

दीपक सबलोक
*निदेशक परियोजना*

## अंशकालीन निदेशक (सरकारी)

डी. के. सराफ

## स्वतंत्र निदेशक

डॉ. जी. वी. राव

प्रोफेसर (डॉ.) एस. एस. चटर्जी

बी. एम. शर्मा

# विगत पांच वर्षों के दौरान कार्य का निष्पादन

(₹ करोड़ में)



# अध्यक्ष का भाषण

गणमान्य शेयरधारकों,

मैं इरकॉन की 36वीं वार्षिक साधारण बैठक में आप सभी का हार्दिक तथा तहेदिल से स्वागत करता हूँ। वर्ष के दौरान कंपनी के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन को 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों तथा अन्य रिपोर्टों के माध्यम से देखा जा सकता है जो आपके समक्ष प्रस्तुत हैं।

विशेषताएं

आदरणीय शेयरधारकों, हमारी खुशी के दो कारण हैं।

आपकी कंपनी ने 9.898 करोड रू. की प्रदत्त शेयर पूंजी पर 650% की दर से 64 करोड रूपए के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है जिसे इस वार्षिक साधारण बैठक में घोषित किया जाएगा और इस प्रकार पहले से प्रदत्त 300% के अंतरिम लाभांश के पश्चात वर्ष 2011-12 के लिए कुल लाभांश प्रदत्त शेयर पूंरी के 950% प्रतिशत के रिकार्ड स्तर तक पहुंच जाएगा। यह 94.03 करोड़ रुपए की राशि का अब तक का सर्वाधिक कुल लाभांश है और वर्ष 2010-11 के लिए प्रदत्त 49.49 करोड़ रुपए से 90 % अधिक है।

आपके निदेशक मंडल ने 1:1 के अनुपात में बोनस इश्यू की सिफारिश की है जिसे इस वार्षिक साधारण बैठक में स्वीकृति दिए जाने का प्रस्ताव है। इससे कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 9.898 करोड़ रुपए से बढ़कर 19.796 करोड़ रुपए हो जाएगी।

वित्तीय कार्यनिष्पादन

कंपनी के उत्कृष्ट वित्तीय निष्पादन को इन तथ्यों से देखा जा सकता है कि कंपनी के कर पश्चात लाभ में 95% की वृद्धि हुई हो जो वर्ष 2010-11 में 240 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 470 करोड़ रुपए हो गया है तथा कर पूर्व लाभ में 50% की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2010-11 में 401 करोड़ रुपए से बढ़कर 2011-12 में 602 करोड़ रुपए हो गया है। कर पूर्व लाभ में यह वृद्धि मुख्य रुप से विदेशी परियोजनाओं के कारण हुई है। 2010-11 में टर्नओवर में 3254 करोड़ रुपए से वर्ष 2011-12 में 3782 करोड़ रुपए की 16 प्रतिशत की आंशिक बढ़त द्वारा कंपनी की लाभप्रदत्ता में वृद्धि के लिए कंपनी प्रशंसा की पात्र है।

विकास की रुपरेखा

कंपनी के लाभों में पिछले चार वर्षों यथा वर्ष 2008-09 से 2011-12 में तीन गुना वृद्धि हुई है तथा इसी अवधि के दौरान कंपनी के टर्नओवर में 38% की वृद्धि हुई है। इसका मुख्य श्रेय विदेशी परियोजनाओं से आय को जाता है जिसमें 30% से 49% की वृद्धि हुई है।

इसके अतिरिक्त, रेलवे क्षेत्र में परियोजनाओं से प्रचालनिक आय में भी पिछले चार वर्षों में निरंतर वृद्धि हुई है जो वर्ष 2008-09 में 55% से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 81% हो गई है जबकि राजमार्ग क्षेत्र से प्रचालनिक आय में कमी आई है जो वर्ष 2008-09 में 35% से कम होकर वर्ष 2011-12 में 14% हो गई है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान, आपकी कंपनी ने टर्नओवर की दृष्टि से 19.63% तथा कर पूर्व लाभ की दृष्टि से 40.24% की चक्रवृती वृद्धि दर रिकार्ड की है। तथापि, इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए आर्डर बुक में संवर्धन किए जाने की तत्काल आवश्यकता है।

प्रचालनिक निष्पादन

आपकी कंपनी भारत में अनेक प्रमुख परियोजनाओं को निष्पादित कर रही है जिसमें शामिल हैं - प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना

(पीएमजीएसवाई), राष्ट्रीय सम विकास योजना(आरएसवीवाई) के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण परियोजनाओं के अतिरिक्त गंगा नदी के ऊपर रेल-सह-सड़क पुल, राजस्थान तथा बिहार राज्यों में सड़क उपरिपुल, राय बरेली में नया रेल डिब्बा कारखाना, शिवोक-रंगपो नई रेल लाइन परियोजना आदि तथा जम्मू और कश्मीर रेल संपर्क परियोजना। कंपनी ने राय बरेली में रेल डिब्बा कारखाना निर्माण कार्य के संबंध में वर्ष के दौरान 1280.29 करोड़ रुपए मूल्य के अतिरिक्त कार्य प्राप्त किए हैं।

कंपनी दस विदेशी परियोजनाओं में से पांच परियोजनाएं श्रीलंका में निष्पादिन कर रही है जिसका मूल्य 652 मिलियन अमरीकी डालर है। आपकी कंपनी ने अप्रैल 2012 में श्रीलंका में कोलंबो-मतारा तटीय रेल लाइन परियोजना के स्तरोन्नयन के कार्य को समयसीमा से छह महीने पूर्व ही समाप्त कर दिया है। कंपनी मलेशिया तथा अल्जीरिया में बड़े मूल्य की परियोजनाओं सहित अफगानिस्तान तथा इथोपिया में भी परियोजनाएं निष्पादित कर रही है।

निगमित शासन तथा उत्तरदायित्व

मैं आपका ध्यान अच्छे निगमित शासन, निगमित सामाकि उत्तरदायित्व, धारणीय विकास आदि  के क्षेत्र में कंपनी द्वारा उठाए गए कदमों की ओर आकृष्ट  करना चाहता हूं।

वर्ष के दौरान कंपनी ने एक औपचारिक जालसाजी निवारण, अभिज्ञान तथा नियंत्रण नीति के साथ साथ बोर्ड चार्टर स्थापित किए हैं जिसमें निगमित शासन उद्देश्य तथा निदेशकों तथा प्रबंधन की भूमिका और उत्तरदायित्व समाविष्ट हैं।  इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी डीपीई के निगमित शासन दिशानिर्देशों का विधिवत रुप से अनुपालन कर रही है।

आपकी कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति जागरुक है और उसने वर्ष के दौरान आईटीआई धौलपूर में अवसंरचना तथा अन्य लाजिस्टिक्स सहित सीएसआर गतिविधियों; स्कूली बच्चों को पुस्तकें, बैग, स्कूल फीस आदि के संवितरण; सौर लाईटों के प्रावधान; प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा एम्बुलेंस के प्रावधान; इरकॉन परियोजनाओं/कार्यालयों के आसपास पौधरोपण/पार्कों के अनुरक्षण आदि पर 2.25 करोड़ रुपए व्यय किए हैं।

वर्ष 2011-12 के दौरान धारणीय विकास के क्षेत्र में कंपनी द्वारा उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट तथा वर्ष 2012-13 के लिए चिह्नित गतिविधियों को निदेशक की रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है। हाल ही में आपकी कंपनी ने धारणीय विकास पर जागरुकता उत्पन्न करने तथा प्रशिक्षण के लिए कदम उठाए हैं।

आपकी कंपनी, जो पहले से गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली - आईएसओं 9001:2008 के लिए प्रमाणित है, को अब पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली - आईएसओ 14001:2004 के लिए भी प्रमाणित किया गया है।

इरकॉन की सहायक कंपनियां

यह उल्लेखनीय है कि इरकॉन प्रगतिरत रुप से अपना विस्तार कर रही है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) सहित भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगमित लिमिटिड (आईआरएसडीसी) नामक कंपनी को प्रमोट किया है। इरकॉन की इस सहायक कंपनी (इरकॉन की 51 प्रतिशत की इक्विटी भागीदारी तथा आरएलडीए की 49 प्रतिशत की इक्विटी भागीदारी सहित) का मुख्य उद्देश्य मानकों में सुधार करने के लिए यात्री सुविधाओं के स्तरोन्नयन के लिए नए स्टेशन (स्टेशनों) को विकसित करना तथा मौजूदा स्टेशनों को पुनर्विकसित करना है। आरएलडीए ने विकास/पुनर्विकास के लिए आईआरएसडीसी को पांच स्टेशन सौंपे हैं।

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि आपकी कंपनी की 100% स्वामित्व वाली इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसिज लिमिटेड (इरकॉन आईएसएल), जिसका गठन बहुउद्देशीय परिसरों सहित अवसंरचना परियोजनाओं और सेवाओं के निष्पादन के लिए 30 सितंबर 2009 को किया गया, ने वर्ष 2011-12 के दौरान 3.82 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ और 2.56 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ प्राप्त किया है, हालांकि सहायक कंपनी द्वारा कोई लाभांश प्रस्तावित नहीं है।

आभारोक्ति

अपना भाषण समाप्त करने से पूर्व मैं निदेशक मंडल और कंपनी की ओर से हमारे ग्राहकों, रेलवे बोर्ड तथा अन्य मंत्रालयों, बैंकरों, तथा सभी स्टेकधारकों को उनके मूल्यवान सुझावों, सहयोग तथा समन्वय के लिए हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं।  मैं कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उनकी सत्यनिष्ठा तथा समर्पित सेवाओं के लिए उनकी सराहना करता हूं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी कंपनी आने वाले वर्षों में इसी प्रकार प्रगति करती रहेगी।

ए.पी.मिश्रा
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 25.09.2012

# निदेशकों की रिपोर्ट

**इरकॉन के विशिष्ट शेयरधारकगण**

कम्पनी के निदेशकों को वित्त वर्ष 2011-12 की कम्पनी की 36वीं रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त खुशी हो रही है।

**कार्य निष्पादन**

आपकी कंपनी ने 3601 करोड़ रुपए की अब तक की अपनी अधिकतम प्रचालनिक आय प्राप्त की है जो वर्ष 2010-11 में प्राप्त प्रचालनिक आय से लगभग 13 प्रतिशत अधिक है और इसमें से 51% विदेशी परियोजनाओं से है ।

इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने कर पूर्व आय में पिछले वर्ष 2010-11 में 401 करोड़ रुपए के कर पूर्व लाभ में 50% की व्यापक वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2011-12 में 602 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ अर्जित करके अपनी लाभप्रदत्ता में व्यापक संवर्धन किया है। उच्चतर कर पूर्व लाभ, विदेशी परियोजानाओं में निम्नतर कर व्यय तथा पूर्ववर्ती वर्षों में कर प्रावधानों का पश्चलेखन, और अधिभार में 7.5 प्रतिशत से 5 प्रतिशत की कमी के कारण कर पश्चात लाभ वर्ष 2010-11 में 240 करोड़ रुपए से लगभग दुगना होकर इस वर्ष 2011-12 में 470 करोड़ रुपए हो गया है

वर्ष 2011-12 के लिए आपकी कंपनी तथा रेल मंत्रालय के बीच समझौते ज्ञापन के अंतर्गत अधिकतर लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है जिसके परिणामस्वरूप आपकी कम्पनी **''उत्कृष्ट समझौता ज्ञापन रेटिंग''** बनाए हुए है।

**वित्तीय विशेषताएँ**

वर्ष 2010-11 की तुलना में वर्ष 2011-12 के लिए कम्पनी के वित्तीय निष्पादन के कुछ महत्वपूर्ण संकेतन निम्नानुसार हैं:

**वित्तीय निष्पादन संकेतन**

(रुपये करोड़ में)

| | | 2011-12 | 2010-11 | % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल आय/सकल बिक्री | **3782** | 3254 | 16 |
| 2. | कुल प्रचालन आय | **3601** | 3175 | 13 |
| 3. | विदेशी परियोजनाओं से प्रचालन आय | **1850** | 1577 | 17 |
| 4. | कर पूर्व लाभ | **602** | 401 | 50 |
| 5. | कर पश्चात लाभ | **470** | 240 | 95 |
| 6. | सकल उपांत | **670** | 440 | 52 |
| 7. | निवल सम्पत्ति | **1743** | 1382 | 26 |
| 8. | प्रति शेयर आमदनी (रुपए में) | **474.76** | 242.99 | 95 |
| 9. | कुल विदेशी विनिमय आमदनी | **1862** | 1545 | 21 |
| 10. | विदेशी विनिमय निर्गम | **1418** | 1118 | 27 |
| 11. | निवल विदेशी विनिमय आमदनी | **444** | 427 | 4 |
| 12. | लाभांश | **94.03** | 49.49 | 90 |

**विदेशी मुद्रा अर्जन**

निवल विदेशी मुद्रा अर्जन में 4% की सामान्य वृद्धि हुई है जो वर्ष 2010-11 में 427 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 444 करोड़ रुपए हो गई है ऐसा बनिहाल परियोजना (जम्मू और कश्मीर) द्वारा विदेशी मुद्रा में सामान तथा सेवाओं के आयात के कारण हुआ है जबकि पिछले एक वर्ष में विदेशी परियोानाओं से प्रचालनिक आय में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**लाभांश**

निदेशक मंडल ने शेयरधारकों के लिए नवंबर, 2011 में 9.898 करोड़ रूपए की प्रदत्त शेयर पूँजी पर 30 रुपए प्रति शेयर की दर से (यथा 300%) 29.694 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश की घोषणा की थी, जिसका भुगतान शेयरधारकों को दिसंबर, 2011 में किया गया था । निदेशक मंडल ने शेयरधारकों के विचारार्थ 65 रुपए प्रति शेयर की दर से 64.34 करोड़ रूपए की प्रदत्त शेयर पूँजी पर 650% की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है । इस प्रकार, 2011-12 के लिए कुल लाभांश प्रत्येक 10 रुपए के शेयर के लिए 95 रुपए की दर से 94.03 करोड़ रूपए हो गया है जो 49.49 करोड़ रूपए के कर पूर्व लाभ का लगभग 20% है जो पिछले वर्ष के दौरान 50 रुपए प्रति शेयर की दर पर था। प्रस्तावित लाभांश के अनुमोदन एवं भुगतान के पश्चात 2011-12 तक शेयरधारकों को दिया गया संचित लाभांश लगभग 426.54 करोड़ रूपए हो गया है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने वार्षिक आम बैठक में कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन के आधार पर वर्ष 2012-13 के लिए वार्षिक आम बैठक की तिथि को मौजूदा सदस्यों के पास धारित प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 1:1 अर्थात वार्षिक आम बैठक की तारीख को मौजूदा सदस्यों द्वारा धारित 10 रूपए के प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 10 रूपए का एक बोनस शेयर ।

**विनियोजन/कर प्रावधान/आरक्षित निधि**

(रुपये करोड़ में)

| | | 2011-12 | 2010-11 |
|---|---|---|---|
| 1 | अंतरिम लाभांश | **29.69** | 25.73 |
| 2 | प्रस्तावित अंतिम लाभांश | **64.34** | 23.76 |
| 3 | अंतरिम लाभांश पर कर | **4.82** | 4.28 |
| 4 | प्रस्तावित अंतरिम लाभांश पर कर | **10.44** | 3.85 |
| 5 | आवासीय परियोजना आरक्षित निधि से अंतरण | - | 4.80 |
| 6 | विदेशी परियोजना आरक्षित निधि से अंतरण | - | 2.90 |
| 7 | सामान्य आरक्षित निधि से अंतरण | **360.63** | 190.65 |

**आर्डर बुक**

कंपनी को वर्ष 2011-12 के दौरान 4073 करोड़ रुपए मूल्य के कार्य प्राप्त हुए हैं जिनमें से 1139.50 करोड़ रुपए के कार्य विदेशी परियोजनाओं से संबंधित हैं। 31.03.2012 को कार्य का भार लगभग 12609 करोड़ रुपए है।

**सहायक कंपनी की वित्तीय स्थिति**

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 जुलाई 2012 को आयोजित अपनी बैठक में कंपनी के वार्षिक लेखों सहित वित्त वर्ष 2011-12 के लिए लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरणों को स्वीकृति प्रदान की है जिसमें सहायक कंपनी, इरकॉन आईएसएल की वित्तीय सूचना उपलब्ध होती है। कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 212(8) के अंतर्गत निगमित मामले मंत्रालय (एमसीए) द्वारा 8 फरवरी 2011 के सामान्य परिपत्र सं. 2/2011 के संदर्भ में निदेशक मंडल की सहमति के आधार पर सहायक कंपनी के लाभ व हानि विवरण तथा रिपोर्ट सहित पृथक तुलन पत्र को इरकॉन की वार्षिक रिपोर्ट का भाग नहीं बनाया गया है। इसके स्थान पर, लाभ व हानि विवरण तथा समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षा की रिपोर्ट सहित समेकित तुलन पत्र वाले समेकित वित्तीय विवरणों के एक सेट को आपकी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रुप में शामिल किया गया है। सहायक कंपनी की प्रमुख वित्तीय स्थितियों का सार नोट सं 36(ग) में शामिल किया गया है जो समेकित वित्तीय विवरणों का भाग है।

निगमित मामले मंत्रालय के उक्त परिपत्र के अनुसार, आपकी कंपनी या सहायक कंपनी के किसी सदस्य द्वारा अनुरोध किए जाने पर आपकी कंपनी इरकॉन आईएसएल के तुलन पत्र, लाभ व हानि विवरण, निदेशक की रिपोर्ट तथा लेखापरीक्षा की रिपोर्ट उपलब्ध कराएगा। ये अभिलेख कंपनी की वेबसाईट (www.ircon.org) पर उपलब्ध है तथा किसी सदस्य द्वारा निरीक्षण किए जाने के लिए कंपनी तथा सहायक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रचालनिक निष्पादन

क. पूरी की गई विदेशी परियोजनाएं

1. आपकी कंपनी ने 30 अप्रैल 2011 को सेरेम्बन से संगई गदूत खंड (1 मिलियन अमरीकी डालर की एसजीडीटी मलेशिया परियोजना का चरण 1) का कार्य पूरा कर लिया है और इस परियोजना का मूल्य 156 मिलियन अमरीकी डालर है। 24 मई 2011 को इस कम्प्यूटर रेल प्रचालन का उद्घाटन किया गया तथा इसका प्रचालन आरंभ किया गया।

सेरेम्बन गेमास डबल ट्रैक परियोजना, मलेशिया का शुनगाई गेडट यार्ड - चरण 1

2. इस वर्ष के समाप्त होते ही भारतीय ऋण से वित्तपोषित 78 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य की कोलम्बो-मतारा तटीय रेल लाईन के स्तरोन्नयन की सम्पूर्ण परियोजना का कार्य पूरा हो गया है जो कि अपने निर्धारित समय से 6 महीने पहले ही पूरा हो गया है।

इस परियोजना का चरण 1 (गल्ले-मतारा खंड), मूल्य 36.24 मिलियन अमरीकी डालर, का कार्य पूरा हो गया है और 16 फरवरी 2011 को इस खंड को यात्री यातायात के लिए खोल दिया गया है। इस परियोजना के चरण 2 (कलुतारा-गल्ले) (41.26 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य) पर अक्टूबर 2010 में कार्य आरंभ किया गया था। गल्ले से हिक्कादुआ के एक खंड का कार्य पूरा हो गया है और 19 जनवरी 2012 को यात्री यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड (हिक्कादुआ-कलुथार) का कार्य भी पूरा हो गया है और इस खंड को यात्री यातायात के लिए 19 अप्रेल 2012 को खोला गया है।

कालूतरा - गाले - मटारा खंड पर उन्नत रेलवे ट्रैक का शुभांरभ

**ख. नई/चालू विदेशी परियोजनाएं :**

**नई परियोजनाओं सहित दस परियोजनाएं प्रगति पर हैं - मलेशिया में दो, श्रीलंका में पांच तथा अफगानिस्तान, इथोपिया तथा अलजीरिया में एक-एक परियोजनाएं।**

**मलेशिया**

1. **आपकी कंपनी 31 दिसंबर 2012 तक बढ़ाए गए पट्टा एवं अनुरक्षण ठेके के रुप में मलेशियन रेलवे प्रणाली (केटीएमबी) पर 25 मीटर गेज डीजल इंजनों के प्रचालन का कार्य जारी रखे हुए है।**

सेरम्बन-गेमास विद्युतीकृत दोहरी रेलपथ परियोजना का रेम्बउ स्टेशन भवन, मलेशिया

2. कंपनी को 4084 करोड़ रुपए (लगभग 1 बिलियन अमरीकी डालर) मूल्य पर रेल मंत्रालय, मलेशियन सरकार द्वारा दिसम्बर, 2007 में मलेशिया में सेरेम्बान व गेमास के बीच डिजाइन व निर्माण आधार पर विद्युतीकरण, सिगनलिंग व दूरसंचार कार्यों सहित लगभग 98 कि.मी. की दूरी की एक रेल पथ-दोहरीकरण परियोजना प्रदान की गई थी। मार्च 2012 को समग्र कार्य की वास्तविक प्रगति 88% है। स्थल पर कब्जा लेने के लिए कुछ दूरस्थ स्थलों में विलम्ब होने के कारण इस कार्य के अगस्त 2013 को पूरा होने की संभावना है।

श्रीलंका

3. आपकी कंपनी ने श्रीलंका के उत्तरी प्रोविंस में निम्नलिखित रेलवे लाइन के स्तरोन्नयन के लिए परिवहन मंत्रालय श्रीलंका के साथ भी संविदा में प्रवेश किया था।

(i) ओमनथाई से पल्लई (815 करोड़ रुपए अर्थात 185.36 मिलियन अमरीकी डालर)। इस परियोजना के दिसंबर 2013 तक पूरा होने की संभावना है।

(ii) मधु रोड से तलई मन्नार(659 करोड़ रुपए अर्थात 149.74 मिलियन अमरीकी डालर)। इस परियोजना के सितंबर 2013 तक पूरा होने की संभावना है।

(iii) मडवाच्चिया से मधु रोड(358 करोड़ रुपए अर्थात 81.31 मिलियन अमरीकी डालर) इस परियोजना के मार्च 2013 तक पूरा होने की संभावना है।

भारतीय आयात निर्यात बैंक तथा श्रीलंका सरकार के बीच ऋण करार पर हस्ताक्षर होने, तथा कंपनी को अग्रिम राशि का भुगतान किए जाने के पश्चात से परियोजनाएं मार्च 2011 में प्रचालन में आई हैं।

4. वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने श्रीलंकाई रेलवे के साथ दो संविदाओं में प्रवेश किया :

(iv) 392 करोड़ रुपए अर्थात 86.51 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य पर श्रीलंका के उत्तरी प्रोविंस में सम्पूर्ण रेलवे नेटवर्क के लिए अभिकल्प, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण तथा सिगनलिंग व दूरसंचार प्रणाली को आरंभ करना। 17 अगस्त 2011 को इस करार पर हस्ताक्षर किए गए।

(v) 747 करोड़ रुपए अर्थात 149.37 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य पर श्रीलंका के उत्तरी प्रोविंस में पल्लई से कन्केसनथुरई के बीच रेल लाईन का पुनर्निमाण। 18 नवंबर 2011 को इस करार पर हस्ताक्षर किए गए।

इन दोनों संविदाओं के वित्तपोषण के लिए 18 जनवरी 2012 को भारत के आयात-निर्यात बैंक तथा श्रीलंका सरकार के बीच हस्ताक्षर किए गए।

अफगानिस्तान

5. आपकी कंपनी को 28 दिसंम्बर, 2008 में उर्जा एवं जल मंत्रालय, अफगानिस्तान में मौजूदा मजार-ए-शरीफ उपस्टेशन पर 220/20 कि.वा. के नए ऐबक उपस्टेशन की आपूर्ति और संस्थापन तथा बे विस्तार का कार्य प्राप्त हुआ था। परामर्शदाता द्वारा आरेखणों/अभिकल्पों की देरी से स्वीकृति दिए जाने के कारण परियोजना की प्रगति को धक्का लगा है। इन स्वीकृतियों के पश्चात वास्तविक कार्य अप्रैल, 2010 में आरंभ हुआ। मजार-ए-शरीफ तथा एबैक में भौतिक निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना का अब मूल्य 44 करोड़ रुपए है और इस कार्य के अक्टूबर 2012 तक पूरा होने की संभावना है।

इथोपिया

6. आपकी कंपनी ने 66.3 करोड़ रुपए के मूल्य पर इथोपियन विद्युत ऊर्जा निगम (ईईपीसीओ) के लिए उप-स्टेशन हेतु उपकरणों की आपूर्ति, परीक्षण व उनका प्रचालन आरंभ करने के लिए अगस्त, 2008 में एक परियोजना प्राप्त की थी। कंपनी ने मार्च, 2010 में अभिकल्प कार्य तथा उपकरणों की आपूर्ति का कार्य पूरा कर लिया है । कुछ सब-स्टेशनों में ईईपीसीओ द्वारा इरैक्शन कार्य अभी भी किया जा रहा है। आपकी कंपनी परीक्षणों तथा कार्य आरंभ पर निगरानी रख रही है और यह परियोजना दिसंबर 2012 को समाप्त हो जाएगी।

अल्जीरिया

7 आपकी कंपनी को 1103 करोड़ रुपए अर्थात 230 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य पर अल्जीरिया सरकार से उऐद स्लाई तथा यल्लेल के बीच 93 किमी के दोहरे ट्रैक को बिछाने के कार्य का ठेका प्राप्त हुआ था। इस कार्य में अलजीयर-ओरान खंड में उऐद स्लाई से यल्लेल तक दूसरी लाईन बिछाने का कार्य तथा मौजूदा लाईन के स्तरोन्नयन का कार्य शामिल है।

वर्ष के दौरान, भूमि संबंधी 70 प्रतिशत कार्य तथा कल्वर्ट संबंधी 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। तथाति, क्लाइंट द्वारा संविदा में मात्राओं में परिवर्तन के लिए संशोधन के मुद्दे पर विलंब के कारण, परियोजना का कार्य जनवरी 2012 से पूरी तरह रुक गया है और क्लाइंट के अनुसार मार्च 2012 में संविदा अवधि भी समाप्त की गई है। अनेक वस्तुओं की मात्रा में वृद्धि होने के कारण संविदा के मूल्य में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। संविदा मूल्य में संशोधन तथा संविदा अवधि को बढ़ाए जाने का प्रस्ताव क्लाइंट द्वारा सरकार को भेज दिया गया है और यह आशा है कि इस संबंध में संशोधन सितंबर 2012 तक हो जाएगा। उपर्युक्त संशोधन के होने के पश्चात परियोजना के कार्य को गति मिलेगी।

ग. सम्भावित विदेशी परियोजनाएं

**बांग्लादेश, श्रीलंका, मध्य पूर्व देशों, म्यानमार, नेपाल तथा अफ्रीकी देशों** में ठेके प्राप्त करने के लिए सुव्यवस्थित उपाय किए जा रहे हैं ।

घ. भारत में पूरी की गई परियोजनाएं

वर्ष के दौरान भारत में 4 परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जो इस प्रकार हैं:

क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के लिए उत्तरी क्षेत्र(जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब)में सड़क उपरी पुलों का निर्माण।

ख) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के लिए तमिलनाडु राज्य में पहुंच मार्गों व पुलियाओं के निर्माण सहित राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के मदुरै-कन्याकुमारी खंड में सड़क उपरी पुलों का निर्माण।

ग) दिल्ली एमआरटीएस परियोजना चरण-II परियोजना (संविदा बीई-8)-जहांगीरपुरी, मुंडका, अंबेडकर कॉलानी(अंतरराष्ट्रीय सहयोग जापान बैंक द्वारा वित्तपोषित) तथा बॉटनिकल पार्क(नोएडा) और सुशांत लोक(गुड़गांव)(गैर-जेबीआईसी वित्तपोषित)पर प्राप्त-सह-कर्षण-सह-ऑगलरी मुख्य उपस्टेशन के लिए आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण तथा प्रचालन आरम्भ का कार्य।

घ) वरसोवा, मुंबई में सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीस एजुकेशन की मुख्य एकेडमिक भवन के वर्टिकल विस्तार के लिए निर्माण।

**वर्ष की समाप्ति के पश्चात,** रेल विकास निगम लि. के लिए अलीगढ गाजियाबाद रेल परियोजना का कार्य पूरा हो गया है और इसे 19 मई 2012 को यात्री यातायात के लिए खोल दिया गया है।

ड. नई भारतीय परियोजनाएं :

वर्ष 2011-12 के दौरान आपकी कंपनी ने भारत में अतिरिक्त निर्माण कार्यों सहित निम्नलिखित नई परियोजनाएं प्राप्त की हैं :

क) 892.32 करोड़ रुपए मूल्य पर राजस्थान में सड़क उपरि-पुल का निर्माण कार्य;

ख) 1280.29 करोड़ रुपए के मूल्य पर राय बरेली में नए रेल डिब्बा कारखाने में चरण 2 का निर्माण कार्य

ग) 761 करोड़ रुपए मूल्य पर जम्मू और कश्मीर लिंक परियोजना का भावी निर्माण कार्य अर्थात उद्यमपुर-श्रीनगर-बारामुला नई बीजी रेल लाईन परियोजना के धर्मा-काजीगुंड खंड पर सुरंग टी-74आर (किमी 125 तथा 134 के बीच) का निर्माण।

जम्मू और कश्मीर रेल संपर्क परियोजना की सुरंग टी-80 (परि पंजल सुरंग) का ब्रेक-थ्रू समारोह

च) संयुक्त उद्यम कंपनी

मोजांबिक में संयुक्त उद्यम कंपनी

वर्ष 2004 के दौरान मोजांबिक में संयुक्त उद्यम कम्पनी डोस कमीनोस डी फिरो डा बेरा (सीसीएफबी) का गठन किया गया था जिसमें, आपकी कंपनी की 25% की इक्विटी हिस्सेदारी है तथा राइट्स की 26% की और मोजांबिक के रेल उपक्रम, सीएफएम की 49% की इक्विटी हिस्सेदारी है।

**सीसीएफबी में निवेश की स्थिति निम्नानुसार है:**

| | | आज की तारीख को कुल प्रतिबद्धता (मिलियन अमरीकी डालर) |
|---|---|---|
| (क) | इक्विटी | 1.25 |
| (ख) | शेयरधारकों का ऋण | 21.08 |
| | कुल | 22.33 |

सीसीएफबी ने 31.03.2012 तक उपर्युक्त ऋण पर 0.81 मिलियन अमरीकी डालर की राशि के मूल तथा ब्याज के पुर्नभुगतान में चूक थी। रियायत की समाप्ति के कारण 1 अप्रेल 2011 के पश्चात उपर्युक्त ऋण पर संचित ब्याज को लेखा बहियों में शामिल नहीं किया गया है। एक परंपरागत दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए इस निवेश के प्रति एक उपयुक्त प्रावधान भी किया गया है।

रियायत की समाप्तिः

पुनर्वासन कार्य की समाप्ति में कथित विलंब के कारण संबंधित प्राधिकरण (परिवहन एवं संचार मंत्रालय, मोजांबिक सरकार)द्वारा रियायत समाप्ति का नोटिस सीसीएफबी का जारी किया गया था, जिसका उत्तर सीसीएफबी द्वारा किया गया है।

मोजांबिक सरकार चाहती है कि सीसीएफबी कोयले के परिवहन के लिए युक्तिसंगत दरसूची पर सहमत हो जाए, जिस पर सीसीएफबी सहमत नहीं है। तदनुसार, सीसीएफबी में इरकॉन तथा राइट्स की इक्विटी भागीदारी को बेचकर इसके मैत्रीपूर्ण समाधान के प्रयास आरंभ किए गए थे। सभी तीनों शेयरधारक (सीएफएम, राइट्स तथा इरकॉन) इस पर सहमत थे और उन्होंने मैत्रीपूर्ण समाधान पर हस्ताक्षर किए किन्तु इस पर संबंधित अधिकारी ने अपनी सहमती व्यक्त नहीं की, क्योंकि वह चाहता था कि यह करार पूर्णतः उनके पक्ष में रहे। हालांकि इस रेललाईन के पुनर्वासन का कार्य पूरा किया गया था और इस पर कोयले की आवाजाही प्रवाहपूर्ण रुप से आरंभ हो गई है, पुनर्वासन कार्य में विलंब और मैत्रीपूर्ण निपटान के लिए वार्ता के विफल रहने का कारण देते हुए संबंधित प्राधिकारी ने दिसंबर 2011 में रियायत को समाप्त करके उस को अपने अधिकारक्षेत्र में ले लिया था।

सीसीएफबी ने इस मुद्दे के निपटान के लिए मध्यस्थ खंड का प्रयोग किया है और इस संबंध में दावे तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें शीघ्र ही दायर किया जाएगा।

भारत में संयुक्त उद्यम कंपनी

'इरकॉन-सोमा टॉलवे प्राइवेट लिमिटेड' (आईएसटीपीएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन 19 अप्रैल, 2005 को इरकॉन तथा सोमा इन्टरप्राइस लिमिटेड (निर्माण कंपनी) की 50% की इक्विटी साझेदारी के साथ की गई थी। यह कंपनी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के लिए महाराष्ट्र में किमी 380 से किमी 265 तक राष्ट्रीय राजमार्ग-3 के पींपलगांव-धूले खंड को चार लेन का बनाने की बीओटी परियोजना निष्पादित कर रही है।

आईएसटीपीएल में इरकॉन के निवेश का मूल्य 63.87 करोड़ रुपए है जो कि आईएसओपीएल की इक्विटी पूंजा का 50 प्रतिशत है।

शेयरों का वचन तथा आश्वासन

आपकी कंपनी ने पूर्व में आईएसटीपीएल द्वारा प्रमुख ऋणदाता बैंक, भारतीय स्टेट बैंक सहित 8 बैंकों से लिए गए 450 करोड़ रूपए के ऋण अवधि के संबंध में इरकॉन ने आईएसटीपीएल में अपनी शेयरधारिता (63.87 करोड़ रूपए का धारित मूल्य के साथ) का वचन प्रस्तुत किया था। वर्ष के दौरान, अपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने 450 करोड़ रुपए के उक्त दीर्घकालीन ऋण की शेष राशि का भुगतान सहित अपनी विभिन्न देयताओं, शेयरधारकों से ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए अपनी निधि की आवश्यकता को पूरा करने हेतु पीएनबी से 600 करोड रूपये तक के आवधिक ऋण को प्राप्त करने के लिए आईएसटीपीएल को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पंजाब नेशनल बैंक के पक्ष में प्रतिभूति का विस्तार करके (एसबीआई के पक्ष में मौजूदा 100 प्रतिशत वचन के निष्पादन के पश्चात )आईएसओपीएल की 50 प्रतिशत इक्विटी साझेदारी को स्वीकृति प्रदान की है। आईएसटीपीएल ने वास्तव में 521.53 करोड़ रुपए का ऋण लिया है।

पंजाब नेशनल बैंक से उक्त अवधि ऋण के संबंध में, आपकी कंपनी ने आईएसटीपीएल में 50 प्रतिशत इक्विटी भागीदान के रुप में पंजाब नेशनल बैंक को निम्नानुसार वचन दिया है:

(क) आईएसटीपीएल तथा एनएचएआई के बीच निष्पादिन रियायत करार के समाप्त होने की स्थित में पंजाब नेशनल बैंक को देय राशियों, यदि कोई हो, में किसी प्रकार की कमी होने पर 50 प्रतिशत राशि की व्यवस्था करेगी।

(ख) पीएनबी के पक्ष में अपनी 30 प्रतिशत शेयरधारिता तथा एसबीआई में मौजूदा 100 प्रतिशत वचन के निष्पादन के पश्चात अपनी शेयरधारिता के 21 प्रतिशत का निपटान न किए जाने का वचन।

यह परियोजना वर्ष 2010-11 में पूरा हो गया है और 118.158 किमी की सम्पूर्ण लंबाई पर वर्ष 2011-12 के दौरान प्रतिदिन लगभग 40 लाख रुपए का औसत टोल सृजित हुआ है।

छ. सहायक कंपनियां

1. इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसिस लि. (इरकॉन आईएसएल)

आपकी कंपनी ने 10 करोड़ रुपए की प्राधिकृत शेयर पूंजी सहित 30 सितम्बर, 2009 को ''इरकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लिमिटेड'' (इरकॉन आईएसएल) नाम से एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी का गठन किया था। इरकॉन आईएसएल ने 10 नवम्बर, 2009 को व्यवसाय आरंभ करने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया था। इरकॉन आईएसएल की प्रदत्त शेयर पूंजी 4.90 करोड़ रुपए है। इरकॉन आईएसएल के मुख्य उद्देश्य हैं भारतीय रेल प्रणाली के प्रयोक्ताओं को सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बहुउद्देशीय परिसरों हेतु अवसंरचना के निर्माण के क्षेत्र में नियोजन, अभिकल्पन, विकास तथा सुधार आदि कार्य करना; तथा रियल इस्टेट तथा संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सभी मुद्दे। वर्ष के दौरान, इरकॉन आईएसएल हायर पर्चेस, सभी प्रकार की चल तथा अचल परिसंपत्तियों को पट्टे पर देने तथा सामाजिक कल्याण उपायों सहित सभी प्रकार से सेवाएं व अनुरक्षण व सहायता सहित सभी प्रकार की इंजीनियरिंग परियोजनाओं के लिए परामर्श उपलब्ध कराने के व्यवसाय के साथ अपने प्रचालनों के कार्यक्षेत्र में विस्तार किया है।

इरकॉन आईएसएल को रेल भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा रेल प्रयोक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चिह्नित स्टेशन परिसरों पर बहुउद्देशीय परिसरों को विकसित करने का कार्य सौंपा गया था। इरकॉन आईएसएल द्वारा लिए गए 23 स्टेशन परिसरों में से 18 स्टेशनों पर कार्य पूरा हो गया है, और शेष 5 स्टेशनों का कार्य प्रगति पर है। रेल भूमि विकास प्राधिकरण के साथ पट्टा करार पर हस्ताक्षर किए जाने के पश्चात ही इरकॉन आईएसएल पूरे किए गए बहुउद्देशीय परिसरों को आरंभ करेगी।

इरकॉन आईएसएल को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से लगभग 3 करोड़ रुपए की कुल लागत पर ''म्यानमर के चिन राज्य में एक सड़क परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु तकनीकी सेवायें उपलब्ध कराने'' की परियोजना प्राप्त हुई है। इरकॉन आईएसएल इरकॉन के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व वाली चिह्नित परियोजनाओं को भी कार्यान्वित कर रही है।

उदयपुर में बहुउद्देशीय परिसर

**इरकॉन आईएसएल में निवेश में शामिल है:**

| | कुल निवेश (₹ करोड़) |
|---|---|
| इक्विटी (100% शेयरधारिता) | 4.90 |
| ऋण (प्रतिबद्ध 75 करोड़ रुपए) | 50.92 |
| **कुल** | **55.82** |

**2. भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम लिमिटेड**

**आपकी कंपनी ने 100 करोड़ रुपए की प्राधिकृत शेयर पूंजी के साथ 12 अप्रेल 2012 को "भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम लिमिटेड (आईआरडीसी)" नामक एक सहायक कंपनी का निर्माण किया है। आईआरएसडीसी में आपकी कंपनी की शेयरधारिता 51 प्रतिशत है और रेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय, रेल भूमि विकास प्राधिकरण की शेयरधारिता 49 प्रतिशत है। इसने 9 मई 2012 को अपना व्यवसाय आरंभ करने के लिए प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है। 30.06.2012 को इसकी प्रदत्त शेयर पूंजी 2.50 करोड़ रुपए है। आपकी कंपनी के 51 प्रतिशत का मूल्य 1.27 करोड़ रुपए है।**

**समझौता ज्ञापन में निर्धारित अनुसार आईआरएसडीसी का मुख्य उद्देश्य भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बेहतर मानक स्थापित करने हेतु स्टेशन भवनों, प्लेटफार्म स्थलों, आसपास क्षेत्रों आदि के पुनर्विकास सहित नए निर्माण/नवीकरण कार्यों द्वारा यात्री सुविधाओं के स्तर में स्तरोन्नयन सहित मौजूदा/नए रेलवे स्टेशनों का विकास पुनर्विकास करना तथा भूमि/वायु क्षेत्र का वाणिज्यिक विकास करना है।**

**अनुपालन**

**क) लेखांकन उपचार का प्रकटन**

**1) बंद ईराक परियोजना के बकाया देय - आस्थगित ईराकी बकाया और उस पर ब्याज व बैंक-टू-बैंक आधार पर उप ठेकेदारों को देय ब्याज के प्रावधान को भारत सरकार के साथ तय अंतिम निपटान दर यथा (1 अमरीकी डालर =35.802 रूपए) पर परिवर्तित किया जाता है, जैसाकि पिछले वर्ष किया गया था, एएस-11 के प्रावधानों के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार तुलन पत्र की तारीख की दरों के स्थान पर। इसका ब्यौरा वित्तीय विवरणों के नोट सं 40(ग) में दिया गया है।**

2. **बेरा रेल रियायत परियोजना -** सीसीएफबी को दिए गए ऋणों पर संचित मूल तथा ब्याज को लेखांकन मानक-11 के प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित तुलन पत्र की तिथि को विद्यमान दरों के स्थान पर विवेक के आधार पर 31 मार्च 2011 को प्रचलित विनिमय दर (यथा 1 अमरीकी डालर = 44.23 रुपए) पर रुपांतरित किया गया है। इसका ब्यौरा वित्तीय विवरणों के नोट सं 41 में दिया गया है।

ख. राष्ट्रपति का आदेश

वर्ष 2011-12 के दौरान कोई राष्ट्रपति आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

ग. राजभाषा

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकों को नियमित रुप से आयोजित करके तथा यूनिकोड प्रणाली के कुशलतापूर्वक प्रयोग के लिए कार्यशालाएं आयोजित करके राजभाषा कार्यान्वयन का कार्य किया जा रहा है। सभी कंप्यूटरों पर द्विभाषी सुविधा उपलब्ध है। राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

घ. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार केन्द्रीय जन-सूचना अधिकारी तथा एक सहायक जन-सूचना अधिकारी के साथ-साथ कंपनी के चार क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रत्येक कार्यालय के एक राज्य स्तरीय जन-सूचना अधिकारी के नामों सहित आवश्यक अद्यतन सूचना कम्पनी की वेबसाइट में डाल दी गई है । प्राप्त शिकायतों का उत्तर निर्धारित समय सीमा के भीतर दिया जाता है। शिकायतें मुख्य रुप से सेवा संबंधी मुद्दों और उनके ब्यौरों तथा ठेकेदारों व वेंडरों के कार्य से संबंधित होती हैं।

वर्ष के दौरान, कंपनी को 117 अपील प्राप्त हुए हैं जिनमें से 103 का उत्तर दिया गया था। शेष 14 अपीलों के संबंध में अपीलकर्ता द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अनुसार अपेक्षित शुल्क/सूचना उपलब्ध कराने से संबंधित लागत के प्रति शुल्क का भुगतान नहीं किया था।

ड. कर्मचारियों का विवरण

कंपनी (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975, जिसे 31 मार्च, 2011 की अधिसूचना के तहत संशोधित किया गया है, के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2क) के प्रावधानों के अनुसार 2011-12 के दौरान प्रतिवर्ष 60 लाख रुपए या अधिक या प्रतिमाह 5 लाख रुपए या अधिक पारिश्रमिक किसी भी कार्मिक ने प्राप्त नहीं किया है।

कार्मिक विकास

कम्पनी में वर्षभर कर्मचारियों के मध्य सोहार्दपूर्ण तथा मैत्रीपूर्ण औद्योगिक संबंध विद्यमान हैं। आपकी कंपनी कार्यात्मक तथा सामान्य प्रबंधन क्षेत्रों, सूचना प्रौद्योगिकी तथा सुगम कौशलों के क्षेत्र में प्रशिक्षण के माध्यम से मानव संसाधन क्षमताओं के निर्माण के लिए निरंतर कदम उठा रही है। जहां कहीं आवश्यक होता है वहां बाहरी शिक्षक वर्ग को आमंत्रित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि के लिए अधिकारियों को प्रख्यात संस्थानों के साथ नामित किया जाता है।

31 मार्च 2012 को कार्मिकों की कुल संख्या 1703 है जिनमें 108 कार्मिक प्रतिनियुक्त पर हैं तथा इनमें से अधिकतर (85) को विदेशी परियोजनाओं में लगाया गया है । 1416 नियमित कार्मिकों में से 1188 कार्मिक भारतीय परियोजनाओं पर तैनात हैं। महिला कार्मिकों की कुल संख्या 78 है, जिनमें से 46 कार्यपालक हैं। कंपनी के 841 (49.38%) कार्मिक इंजीनियर हैं।

आपकी कंपनी में कर्मचारी कल्याण की विभिन्न योजनाएं विद्यमान हैं, जैसा कर्मचारियों के मेधावी बच्चों के लिए शैक्षणिक छात्रवृत्ति, व्यावसायिक डिग्री तथा डिप्लोमा पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए एक बार शैक्षिक अनुदान, शैक्षिक पुरस्कार, मृत कर्मचारियों के परिजनों को भी शैक्षणिक सहायता, समूह ग और घ कर्मचारियों की बेटियों तथा आश्रित बहनों के विवाह में सहयोग, आदि। निगमित कार्यालय, राय बरेली में परियोजना कार्यालय तथा गुड़गांव में प्रशिक्षण केन्द्र में व्यायाम (जिम) सुविधाओं के अतिरिक्त पुरुष व महिला दोनों वर्ग के कर्मचारियों के लिए योग कक्षायें चलाई जाती हैं।

इरकॉन की मेधावी महिला कर्मचारियों को अपने कार्य के अतिरिक्त सामाजिक गतिविधियों तथा खेलकूद में रुचि दिखाने के लिए रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा भी पुरस्कृत किया गया है। आपकी कंपनी महिला कर्मचारियों के लिए सहयोगपूर्ण तथा सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध करा रही है। कंपनी में कार्य स्थल में महिला उत्पीड़न के निवारण के लिए एक शिकायत समिति विद्यमान है जो किसी प्रकार की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करती है, चाहे वह अनौपचारिक ही क्यों न हो ताकि समस्या को आरंभ में ही समाप्त किया जा सके।

28 अप्रैल, 2012 को 36वां वार्षिक दिवस परम्परागत उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा भारत तथा विदेशी परियोजनाओं तथा चुनिंदा परियोजनाओं में किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई व उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्मिकों के होनहार बच्चों को शैक्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए।

गुणवत्ता प्रबंधन

वर्ष 1996 से जब टीयूवी सड्यूस्चलैंड प्रा. लिमिटेड (टी यू वी) द्वारा कम्पनी को समग्र रूप से पहली बार आईएसओ 9002-1994 के लिए प्रमाणित

किया गया था, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यू एम एस) को सफलतापूर्वक चलाया तथा निरंतर उन्नत किया गया है । अक्टूबर 2011 में आपकी कंपनी को टीयूवी द्वारा अद्यतन संशोधित कोड आई.एस.ओ 9001-2008 के अनुसार पुनःप्रमाणित किया गया है।

निगमित गुणवत्ता परिषद तथा परियोजना गुणवत्ता परिषद की बैठकें क्रमशः निगमित कार्यालय तथा परियोजनाओं में तिमाही आधार पर आयोजित की जाती हैं ताकि गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सके। गुणवत्ता उद्देश्यों को निगमित तथा परियोजना दोनों ही स्तरों पर मापा जाता है तथा इनकी समीक्षा की जाती है। सभी कार्यालयों तथा परियोजनाओं में प्रति वर्ष आंतरिक गुणवत्ता ऑडिट तथा गुणवत्ता आश्वासन ऑडिट किया जाता है। इन ऑडिटों की रिपोर्टों में न केवल आडिट के दौरान सामने आए गैर अनुपालन का ब्यौरा होता है बल्कि प्रमुख विशेषताओं, प्रगति सकारात्मक बिन्दु, यदि कोई हो, आदि का भी उल्लेख होता है। परीक्षण सुविधाओं, प्रयोगशाला, मास्टर गुणवत्ता नियंत्रण योजना तथा परीक्षण रिकार्डों में व्यापक सुधार हुआ है।

ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण महत्व

ऊर्जा संरक्षण के लिए निगमित कार्यालय भवन में विभिन्न अत्याधुनिक प्रणालियां संस्थापित की गई हैं तथा पर्यावरण सहिष्णु तकनीकों को अपनाया गया है।

आपकी कंपनी में सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण (एसएच एवं ई) मैनुअल सहित एसएच एवं ई नीति विद्यमान है। वर्ष के दौरान कंपनी ने पर्यावरण से संबंधित अद्यतन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मैनुअल में संशोधन/स्तरोन्नयन का कार्य आरंभ कर दिया है। सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। इस वर्ष पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली तथा सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया गया था। आपकी कंपनी ने पर्यावरण पर निर्माण गतिविधियों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए जम्मू में एक पर्यावरण प्रयोगशाला की भी स्थापना की है।

गुणवत्ता प्रबंधन विभाग ने आईएसओ 14001:2004 के अनुसार अक्टूबर 2011 में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। यह प्रमाणपत्र अगले तीन वर्षों के लिए वैध है। गुणवत्ता प्रबंधन विभाग ने वर्ष की समाप्ति के पश्चात व्यावसायिक, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए प्रचालनिक स्वास्थ्य सुरक्षा आकलन श्रृंखला (ओएचएसएएस) की अपेक्षाओं का क्रियान्वयन भी आरंभ कर दिया है।

इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुकता के परिणामस्वरुप, निगमित कार्यालय में ऊर्जा की खपत में निरंतर कमी आई है। कंपनी के परियोजनाओं/ कार्यालयों में ऊर्जा सहिष्णु उपकरण जैसे सौर हीटर/सौर लाईट संस्थापित की गई हैं। वृक्षारोपण, वायु तथा जल प्रदूषण नियंत्रण तथा ईएमएस के क्रियान्वयन के माध्यम से परियोजनाएं भी पर्यावरण संरक्षण में योगदान कर रही हैं।

अनुसंधान एंव विकास

आपकी कंपनी कोई विशुद्ध अनुसंधान परियोजना पर कार्य नहीं करती है किन्तु अपेक्षित गुणवत्ता के साथ लागत कुशलता के रुप में विभिन्न परियोजनाओं को निष्पादित करने हेतु विभिन्न पद्धतियों और तकनीकों को विकसित करने के लिए परामर्शदाताओं और फर्मों का सहयोग प्राप्त करती है।

वर्ष के दौरान अनुसंधान तथा विकास गतिविधियों में रेलपथ स्थापन उपकरणों का स्वदेशीकरण, पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन में सक्षमता का विकास आदि शामिल हैं। कंपनी ने उत्कृष्ट प्रौद्योगिकी पर विशिष्ट बल देत हुए तथा तकनीकी श्रमशक्ति के कौशलों में सुधार करने के लिए परियोजना सुपुर्दगी में सुधार करने, लागत में कमी करने तथा स्थायी सामान्य व्यवसाय के उद्देश्य से प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित वस्तुओं के लिए अनुसंधान तथा विकास प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से एक योजना तैयार की है।

प्रौद्योगिकी स्तरोन्नयन तथा समावेशन

आपकी कम्पनी ने प्रौद्योगिकी तथा निर्माण तकनीकों के निरन्तर स्तरोन्नयन के लिए एक 'इंजीनियरिंग नियंत्रण तथा लेखापरीक्षा कक्ष' स्थापित किया है, और यह उपयुक्त अभिकल्पन तथा बहुमूल्य इंजीनियरिंग के पहलुओं पर निगरानी रखता है। यह कक्ष विभिन्न प्रकार की संरचनाओं से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के लिए अभिकल्प तथा आरेखों की समीक्षा भी करता है, तथा संरेखण अभिकल्प, भू-तकनीकी आदि क्षेत्रों में तकनीकी बैक-अप के साथ नई परियोजनाओं के विपणन प्रयासों व अवधारणीकरण में सहयोग देने के लिए अभिकल्प डाटा के मानकीकरण के साथ इंजीनियरिंग उपाय उपलब्ध कराता है। आपकी कंपनी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के निष्पादन में नवीनतम प्रौद्योगिकी तथा अत्याधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर रही है।

सूचना प्रौद्यौगिकी एवं ईआरपी का विकास

आपकी कंपनी एक अत्याधुनिक डाटा केन्द्र का अनुरक्षण कर रही है। यह डाटा केन्द्र समर्पित लीज लाईनों के माध्यम से हर समय राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं के साथ जुड़ा रहता है। यह डाटा केन्द्र प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) के लिए सुरक्षित रुप से सुरक्षित उच्च गति लेन तथा वेन सम्पर्कता के लिए नेटवर्क तथा इंटरनेट सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित है।

प्राइमावेरा जैसे परियोजना प्रबंधन साफ्टवेयरों का वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी लागत कुशल संचार सुविधाओं सहित कम्प्यूटर आधारित आरेखण और अभिकल्प वाल घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं की कुशल मानिटरिंग के लिए सफलतापूर्वक प्रयोग किया जा रहा है।

कंपनी ने उन्नत व्यवसाय प्रक्रियाओं सहित नये /बेहतर कार्यात्मक संवर्धन का लाभ प्राप्त करने के लिए एसएपी ईसीसी 6.0 के अद्यतन वर्जन पर बिजनेस क्रिटिकल एप्लिकेशन तैयार किया है।

**निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व**

**आपकी कंपनी में निगमित मामले मंत्रालय द्वारा जारी सीएसआर दिशा-निर्देश की तर्ज पर सीएसआर नीति तथा संरचना विद्यमान है।**

सीएसआर योजना के अन्तर्गत मैडावाचिया, श्रीलंका में स्वास्थ्य केन्द्र

वर्ष 2011-12 के लिए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत निर्धारित निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजनाओं में आधारभूत सर्वेक्षण यथा आईटीआई, धौलपुर पर अवसंरचना तथा अन्य लॉजिस्टिक का विकास; चुनिंदा स्टेशनों पर चिह्नित स्कूलों को पुस्तकें, बैग, शुल्क आदि का वितरण; गावों में सौर प्रकाश का संस्थापन; प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना/एम्बुलेंस तथा चिकित्सा उपकरणों का प्रावधान/ जोधपुर आदि में ट्रौमा केन्द्र के लिए आपातकालीन चिकित्सा उपकरणों का संस्थापन तथा उन्हें आरंभ करना तथा पौधरोपण/पार्कों के अनुरक्षण के पश्चात परियोजनाओं के क्षेत्र में चुनिंदा स्थलों पर 5 क्षेत्रों पर बल दिया गया है।

सतर्कता गतिविधियां

सतर्कता विभाग की अध्यक्षता केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा नियुक्त पूर्णकालीन केन्द्रीय सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) द्वारा की जाती है। केन्द्रीय सतर्कता अधिकारी इंजीनियरों के सतर्कता दल का प्रमुख होता है। यह विभाग निवारक तथा दंडात्मक सतर्कता का प्रयोग करके सतर्कता से संबंधित सभी मुद्दों में शीर्ष प्रबंधन के लिए सलाहकार की भूमिका अदा करता है। यह संविदाओं की कार्यप्रणाली तथा निष्पादन में अनैतिक पद्धितियों को रोकने के लिए कदम उठाता है और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों पर जांच करता है। इन मामलों के परिणामों को शीर्ष प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है ताकि अनियमितताओं की पुनरावृत्ति को रोकने / प्रक्रियात्मक खामियों से बचने के लिए प्रणाली में सुधार करने के लिए कदम उठाए जा सकें।

वर्ष के दौरान विभाग ने वार्षिक कार्य योजना 2011-12 के आधार पर नियमित तथा औचक जांचों सहित 14 निवारक निरीक्षण किए हैं। अन्य प्रमुख गतिविधियों में शाामिल हैं - अपने तार्किक स्तर तक अधिकारियों, प्रक्रियाओं आदि के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच करना, प्रमुख तकनीकी परीक्षा कार्यालय द्वारा उठाए गए पैराओं को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करना, दंडात्मक सतर्कता मामलों में तीव्रता लाना, कर्मचारियों के अचल संपत्ति रिटर्न की संवीक्षा करना तथा नियमों/ प्रक्रियाओं तथा सामान्य अनियमितताओं पर कार्यशालाओं/प्रशिक्षण सत्रों/प्रकाशन सामग्री आदि के माध्यम से कर्मचारियों में जागरुकता उत्पन्न करना।

एक सतर्कता अनुभाग / पोर्टल विकसित किया गया है और यह वेबसाईट www.ircon.org पर उपलब्ध है। प्रोद्योगिकी के स्तर पर एक ओर कदम बढाते हुए पोर्टल में शिकायतों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सामान्य प्रकृति की वस्तुओं के प्रापण तथा वस्तुओं की आपूर्ति का कार्य ई-टेंडरिंग के माध्यम से आरंभ किया गया है। बेहतर पारदर्शिता प्राप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर ई-टेंडरिंग /ई-प्रोक्यूरमेंट की प्रणाली आरंभ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

विसूचीकरण

रेल मंत्रालय ने दिनांक 19.05.2010 के अपने पत्र के तहत सूचित किया है कि आपकी कंपनी के शेयर विसूचीकृत होंगे। तदनुसार, आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के पश्चात दिनांक 3 नवंबर 2011 से बीएसई से तथा 15 मार्च 2012 से डीएसई के रिकार्डों से कंपनी के शेयरों को विसूचिकृत कराया गया है।

**पुरस्कार**

वर्ष के दौरान कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं:

1. वर्ष 2011 के लिए परिवहन में केन्द्रीय सार्वनिक क्षेत्र के उपक्रमों में उत्कृष्टता के लिए दैनिक भास्कर तथा दैनिक समाचार एवं विश्लेषण (डीएनए) द्वारा संस्थापित ''भारत गौरव पुरस्कार'' के अंतर्गत ''स्वर्ण पुरस्कार' प्रदान किया गया है। ये पुरस्कार 21 अक्टूबर, 2011 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री मोंटेक सिंह आहलुवालिया द्वारा इरकॉन के प्रबंध निदेशक श्री मोहन तिवारी को प्रदान किया गया था। निरंतर दो वर्षों में कंपनी को प्राप्त यह दूसरा भारत गौरव पुरस्कार है।

प्रबंध निदेशक, इरकॉन को इंडिया प्राइड पुरस्कार सम्मानित

2. 1000 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर वाली सर्वाधिक व्यावसायिक प्रबंधकीय कंपनी की श्रेणी में निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी) से विश्वकर्मा पुरस्कार।ये पुरस्कार 10 मार्च, 2012 को नई दिल्ली में श्री सूक्ष्म लधु तथा मध्यम उद्योग के केन्द्रीय मंत्री श्री वीरभद्र सिंह द्वारा इरकॉन के प्रबंध निदेशक श्री मोहन तिवारी को प्रदान किया गया था।

3. कंपनी को वर्ष 2010-11 के लिए शीर्ष मर्चेंट निर्यातक की श्रेणी में निर्यात उत्कृष्टता के लिए ईईपीसी से रजत ट्रॉफी प्राप्त हुई। इरकॉन के संयुक्त महाप्रबंधक श्री डी.के.शर्मा ने चेक रिपब्लिक के उद्योग एवं व्यापार उपमंत्री श्री मिलान हावोर्का से मुंबई में 23 मार्च 2012 को यह पुरस्कार प्राप्त किया।

वित्त वर्ष 2011-12 के समाप्त होने के पश्चात कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं:

4. वर्ष 2012 के लिए इंजीनियरिंग एवं कंस्ट्रक्शन की श्रेणी में डन एंड ब्रेडस्ट्रीट द्वारा सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम व भारत के शीर्ष पीएसयू का पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार 28 मई 2012 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में निगमित कार्य मंत्री डॉ.एम.वीरप्पा मोइली द्वारा इरकॉन के प्रबंध निदेशक श्री मोहन तिवारी को प्रदान किया गया।

एकीकृत रिपोर्ट

"धारणीय विकास रिपोर्ट", प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट तथा "कार्पोरेट शासन रिपोर्ट" अपने उप अनुबंधों सहित निदेशक रिपोर्ट का अभिन्न अंग हैं तथा इन्हें क्रमशः इस रिपोर्ट के अनुलग्नक "क" "ख" तथा "ग" के रूप में रखा गया है।

धारणीय विकास रिपोर्ट वर्ष के दौरान आरंभ की गई धारणीय विकास योजना, नीति तथा गतिविधियों को दर्शाने वाली रिपोर्ट है।

प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट कम्पनी की गतिविधियों, उसके व्यावसायिक परिवेश, लक्ष्य एवं उद्देश्यों, दृष्टिकोण, प्रचालनिक निष्पादन, उसके संसाधनों व प्रणालियों, विशेषताओं, अवसरों, सीमाओं, जोखिमों और महत्वपूर्ण पहलुओं, नीतियों, भावी सम्भावनाओं आदि का प्रारूप प्रस्तुत करती हैं।

कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट, निगमित शासन के दर्शन, निदेशक मंडल तथा उसकी समिति की संरचना, उनका ब्यौरा, जिसमें वर्ष 2011-12 के दौरान कार्यभार ग्रहण करने वाले निदेशकों का प्रोफाइल शामिल है और इसके अतिरिक्त, निदेशकों आदि की उपस्थिति तथा वेतन, अन्य संगत प्रकटन, सीईओ/सीएफओ प्रमाणन, शेयर धारकों के लिए सामान्य सूचना उपलब्ध कराती है। इसमें निम्नलिखित अनुपालन प्रमाणपत्र भी शामिल होते हैं।

(i) वर्ष 2011-12 के दौरान सभी मंडल सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार सहिंता तथा प्रमुख मूल्यों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र (अनुलग्नक 'ग'-1 पर); और

(ii) वित्तीय विवरणों की सत्यतता तथा विश्वसनियता, देय अनुपालनों व वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में प्रबंधन निदेशक तथा निदेशक वित्त से प्रमाण पत्र(अनुलग्नक 'ग'-2 पर);

(iii) सनदी कम्पनी सचिव द्वारा हस्ताक्षरित खडं 49 के प्रावधनों के अनुसार निगमित शासन के अनुपालन का प्रमाण पत्र(अनुलग्नक ग-3 पर) ।

निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

कम्पनी का निदेशक मंडल यह पुष्टि करता है कि:-

1. वार्षिक लेखे तैयार करने में लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया है और कोई विशेष विचलन नहीं हुआ है बशर्ते वार्षिक लेखों में अन्यथा उल्लेख किया गया हो ।

2. ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया गया था और निरन्तर लागू किया गया था और ऐसे निर्णय लिए और अनुमान तैयार किए गए थे जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण थे ताकि 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए तथा वर्ष 2011-12 के कम्पनी के लाभ के लिए कम्पनी की कार्य स्थिति का सही एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत हो सके ।

3. जैसा कि वार्षिक लेखा में घोषित है, परिसंपतियों की सुरक्षा करने तथा छल कपट और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अनुसार लेखाकरण अभिलेखों के पर्याप्त रख-रखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है ।

4. वार्षिक लेख-सुनाम-प्रतिष्ठान आधार पर तैयार किया गया है ।

निदेशक मंडल

अप्रैल 2011 से मार्च, 2012 के दौरान निदेशक मंडल की पांच बैठकें आयोजित हुईं थीं जिनमें से दो बैठकें जून 2011 को समाप्त तिमाही में, एक-एक बैठक सितंबर 2011, दिसंबर 2011 तथा मार्च 2012 को समाप्त तिमाहियों में आयोति की गई थीं ।

श्री बी.एन.राजशेखर 10.11.2011 (पू) में अपर सदस्य (योजना), रेलवे बोर्ड का पदभार ग्रहण करने के उपरांत अंशकालीन (कार्यालय) निदेशक के पद से कार्यमुक्त हुए। वे कार्यालय में 25.10.2010 से 10.11.2011 तक पदासीन थे।

आज की तारीख को निम्नलिखित निदेशकों ने पद ग्रहण किए हुए हैं।

| | नाम | प्रभावी |
|---|---|---|
| 1 | श्री ए.पी. मिश्रा,<br>अंशकालीन अध्यक्ष (सरकारी) | 27.10.2010 |
| 2 | श्री मोहन तिवारी<br>प्रबंध निदेशक | 01.02.2009 |
| 3 | श्री के.के. गर्ग<br>निदेशक वित्त | 03.11.2009 |
| 4 | श्री दीपक सबलोक<br>निदेशक परियोजना | 16.04.2010 |
| 5 | श्री हितेश खन्ना<br>निदेशक, कार्य | 07.03.2011 |
| 6 | डॉ0 जी.वी. राव<br>अंशकालीन निदेशक (गैर-सरकारी) | 08.10.2010 |
| 7 | प्रो.(डॉ)एस.एस.चटर्जी<br>अंशकालीन निदेशक (गैर-सरकारी) | 16.09.2011 |
| 8 | श्री बी.एम. शर्मा<br>अंशकालीन निदेशक (गैर-सरकारी) | 19.09.2011 |
| 9 | श्री डी.के. सराफ<br>अंशकालीन निदेशक (सरकारी) | 17.02.2012 |

## लेखापरीक्षक

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वर्ष 2011-2012 के लिए कम्पनी के लेखापरीक्षक नियुक्त किए गए हैं -**

| **सांविधिक लेखापरीक्षक :** | |
|---|---|
| वाही एण्ड गुप्ता, नई दिल्ली | कम्पनी के लिए समग्र रुप से |
| भारत में शाखा लेखापरीक्षक : | |
| ए एस पी एन एंड कंपनी, नई दिल्ली | उत्तरी और कानपुर क्षेत्र के अन्तर्गत सभी परियोजनाएं |
| गुप्ता गुप्ता एंड एसोसिएट, जम्मू (जम्मू और कश्मीर) | जम्मू और कश्मीर के अंतर्गत सभी परियोजनाएं |
| के.के.एस एंड कंपनी, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) | पूर्वी क्षेत्र की सभी परियोजनाएं |
| जी पी कपाडिया एंड कंपनी, मुंबई (महाराष्ट्र) | पश्चिमी क्षेत्र की सभी परियोजनाएं |
| जी.डी आप्टे एंड कंपनी, बंगलुरु (कर्नाटक) | दक्षिण क्षेत्र की सभी परियोजनाएं |
| **विदेशी परियोजनाओं में शाखा लेखापरीक्षक :** | |
| वाही एण्ड गुप्ता, नई दिल्ली | मलेशिया में सभी परियोजनाएं |
| मैनबेरे ल्यूल एण्ड कम्पनी, इथोपिया | इथोपिया |
| ऑडीकोंटास, ल्डे, बेरा | मोजांबिक |
| राज सेठ एण्ड कम्पनी, अफगानिस्तान | अफगानिस्तान |
| फिडेसियेर डी'एक्सपर्टीस कम्पटेबल फिडैक्सा, अल्जीरिया | अल्जीरिया |
| जयसिंधे एंड कंपनी, कोलंबो, श्रीलंका | श्रीलंका |

## आभारोक्ति

**हम रेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों, विभिन्न बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक, निर्यात-आयात बैंक, निर्यात ऋण तथा गारण्टी निगम, राजदूतावासों, आप्रवासन प्राधिकारियों, पासपोर्ट प्राधिकारी, दूरदर्शन तथा भारत और विदेश दोनों में हमारे सम्मानित ग्राहकों के प्रति कम्पनी में रूचि बनाए रखने और समर्थन के लिए सराहना करते हैं और उनका धन्यवाद करते हैं ।**

**हम कंपनी के कार्यनिष्पादन तथा लाभप्रदत्ता में सुधार करने के लिए कम्पनी के कर्मचारियों के अथक प्रयासों, समर्पण तथा कृतज्ञता के प्रति आभार प्रकट करते हैं।**

**निदेशक मंडल के निमित्त और उनकी ओर से**

**के. के. गर्ग**
**निदेशक वित्त**

**मोहन तिवारी**
**प्रबंध निदेशक**

**नई दिल्ली**
**दिनांक : 25.07. 2012**

इरकॉन

संलग्नक "क"

# धारणीय विकास रिपोर्ट

1. धारणीय विकास गतिविधियां - 2011-12

वर्ष 2011-12 के दौरान, कंपनी ने धारणीय विकास की दिशा में पहल आरंभी की है। जैसा कि वर्ष 2011-12 के लिए समझौता ज्ञापन में प्रतिबद्धता प्रस्तुत की गई है, निगमित कार्यालय, केन्द्रीय निरीक्षण प्रकोष्ठ, नोएडा, निर्माण प्रबंधन केन्द्र, गुड़गांव के भवनों में बागवानी आदि जैसे कार्यों में प्रयोग के लिए रीसाइकल पानी के प्रयोग के लिए कदम उठाए गए थे। राय बरेली रेल डिब्बा कारखाना परियोजना में चयनित भवनों के अभिकल्प में हरित भवन विशेषताओं को शामिल किया गया था।

2. धारणीय विकास योजना

कंपनी के पास निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत धारणीय विकास योजना विद्यमान है, जिसका उद्देश्य अन्य बातों को समेकित करने के साथ-साथ परियोजना अनुसंधान और विकास, अधिग्रहण/ विविधीकरण आदि सहित अपने व्यापार नियोजन और निर्णय निर्धारण प्रक्रियाओं में पर्यावरण दृष्टिकोण को शामिल करना है। कंपनी में एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में एक बोर्ड स्तरीय धारणीय विकास समिति है जिसकी बैठक 24 जुलाई 2012 को हुई थी और इसमें धारणीय विकास योजना की समीक्षा की गई थी।

3. धारणीय विकास नीति

धारणीय विकास योजना के अंतर्गत धारणीय विकास नीति में यह संकल्प है कि:

(i) अपनी परियोजानाओं तथा कार्यालयों में ऊर्जा प्रबंधन, जल प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन तथा सामग्री व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए धारणीय विकास योजना विकसित तथा कार्यान्वित किया जाए।

(ii) वायु, जल, भूमि तथा ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयास करना।

(iii) यह सुनिश्चित करना कि सभी कर्मचारी धारणीय विकास की आवश्यकता को समझें और उसके प्रति पूर्णत जागरुक बनें।

(iv) परियोजनाओं के नियोजन तथा अभिकल्पन में धारणीय विकास मापदंडों को शामिल किया जाए तथा निरंतर इसमें सुधार किया जाए।

4. धारणीय विकास बजट

वर्ष 2012-13 के लिए धारणीय विकास गतिविधियों के लिए बजट 50 लाख रुपए जमा वर्ष 2011-12 के लिए पीएटी की राशि, जो 100 करोड़ रुपए से अधिक है, का 0.1 प्रतिशत है अर्थात लगभग 87 लाख रुपए क्योंकि वर्ष 2011-12 के लिए पीएटी 469.92 करोड़ रुपए है।

5. धारणीय गतिविधियां - 2012-13

इरकॉन तथा रेल मंत्रालय के बीच वर्ष 2012-13 में हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत पहचानी गई धारणीय गतिविधियां, जो प्रगतिरत हैं :

(i) सीक्वेंशियल बैच रियेक्टर प्रकार का सीवेज उपचार संयंत्र तथा जल रीसाइकलिंग।

(ii) राय-बरेली में नई प्रकार की वर्षा जल संरक्षण प्रणाली उपलब्ध कराना।

(iii) कारखाना शेड में पाईप लाईड का प्रावधान।

(iv) धारणीय विकास के पहलुओं पर कर्मचारियों का प्रशिक्षण ।

(v) स्थानीय समुदाय तथा अन्य स्टेकधाराकों को प्रशिक्षण।

6. मूल्यांकन

आंतरिक समीक्षा के अतिरिक्त प्रमुख धारणीय विकास गतिविधियों का अंतिम मूल्यांकन स्वतंत्र बाहरी एजेंसी/ विशेषज्ञ / परामर्शदाता द्वारा किया जाता है।

संलग्नक "ख"

# प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

एक विहंगावलोकन

आपकी कंपनी टर्नकी आधार पर और अन्यथा रेलवे और राजमार्ग निर्माण कार्य की विशेषज्ञता के साथ देश में सार्वनिक क्षेत्रक निर्माण कम्पनियों में निरन्तर क्षेत्रक अगुआ बनी हुई है। कंपनी अपनी स्थापना के दूसरे वर्ष से ही लगातार वर्ष प्रतिवर्ष लाभ अर्जित कर रही है। कंपनी ऐसी कुछ एक सार्वजनिक क्षेत्र की निर्माण कम्पनियों में से एक है जो देश के लिए विदेशी विनिमय अर्जित कर रही हैं तथा सरकार को प्रत्येक वर्ष लाभांश का भुगतान कर रही हैं। रेलवे निर्माण कम्पनी के रूप में व्यवसाय शुरू करने के पश्चात् वर्ष 1985 से इसने उत्तरोतर विविध कार्यों तथा सड़कों, भवनों, विद्युत सब-स्टेशन एवं वितरण कार्य, हवाई अड्डा निर्माण, वाणिज्यिक कॉम्लेक्स के अतिरिक्त मेट्रो निर्माण कार्य को निष्पादित किया है।

आपकी कंपनी ने पिछले 36 वर्षों से देश और विदेश दोनों में महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं का निष्पादन किया है। भारत में इरकॉन विशेष रूप से जोखिम भरे भूभागों और गड़बड़ी वाले क्षेत्रों में कार्य निष्पादित करने के लिए जानी जाती है।

इरकॉन एक अनुसूची 'क' की सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी है तथा मिनिरत्न श्रेणी -I कम्पनी है।

वैधानिक स्थिति तथा स्वायत्ता

कंपनी, सरकार से एक पृथक वैधानिक निकाय है जिसे, वैधिक, कार्यात्मक तथा वित्तीय स्वायत्ता प्राप्त है और एक स्वतंत्र वाणिज्यिक उद्यम के रुप में निगमित कानूनों के अंतर्गत प्रचालन कर रही है, सरकार से किसी प्रकार की बजटीय या वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं करती है, और न ही यह सरकार पर आश्रित एजेंसी है। बहरहाल, रेल मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रम विभाग के माध्यम से भारत सरकार सभी सरकारी कंपनियों के संबंध में संसद के प्रति जवाबदेही के भाग के रुप में प्रत्येक वर्ष प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्यों के संबंध में समझौता ज्ञापन की प्रणाली के माध्यम से इसकी मानीटरिंग करती है। सरकार, सरकारी कंपनियों की कार्यप्रणाली को विनियमित करने तथा कुछ समरुपता लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर सकती है और जारी करती भी है। बहरहाल, सरकार के किसी भी विभाग को इस कंपनी के ऊपर किसी प्रकार का पर्यवेक्षण का अधिकार या प्रभाव या नियंत्रण का प्रयोग करने की क्षमता नहीं है तथा यह कंपनी अधिनियम के अंतर्गत इसके निदेशक मंडल के अधीक्षण, नियंत्रण तथा निर्देशों के अंतर्गत प्रबंधित तथा प्रचालित की जाती है।

व्यवसाय वातावरण

दो पूर्ववर्ती वर्षों में 8.4 प्रतिशत की विकास दर के पश्चात वर्ष 2011-12 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद के 6.9 प्रतिशत की दर के विकसित होने का अनुमान है। विकास की इस धीमी गति के लिए अनेक वैश्विक तथा घरेलू कारक जिम्मेदार हैं जैसे यूरोजोन में संकट, यूरोप में मंदी जैसी स्थिति, जापान में स्टेगनेशन, कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि, भारत में मौद्रिक नीति को कड़ा करना जिसके कारण निवेश और विकास में मंदी आई विशेष रुप से औद्योगिक क्षेत्र, आदि में। अंतरराष्ट्रीय मोनिटरी फंड के आर्थिक आउटलुक (जुलाई 2012) द्वारा भारत के आर्थिक विकास की 6.1 प्रतिशित की दर का पूर्वानुमान लगाया गया है।

आगामी वर्षों में अवसंरचना के वित्तपोषण का कार्य एक बड़ी चुनौती होगी और इसके लिए वित्तपोषण के क्षेत्र में सृजनात्मक विचारों तथा नए मॉडलों की आवश्यकता होगी। योजना आयोग ने 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के दौरान 45 लाख करोड़ रुपए (लगभग 1 ट्रिलियन अमरीकी डालर)से अधिक के निवेश की आवश्यकता का अनुमान लगाया है, जिसमें से 50 प्रतिशत निजी क्षेत्र से आने का अनुमान है।

आगामी वर्षों में निजी क्षेत्र के वित्तपोषण के क्षेत्र में व्यापक कदम उठाने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से अवसंरचना में निजी क्षेत्र के निवेश को पोषित करने में 11वीं पंचवर्षीय योजना की सफलता की नीव रखी जा चुकी है। सार्वानिक निजी भागीदारी से संसाधनों की उपलब्धता में वृद्धि होने तथा अवसंरचना सेवा सुपुर्दगी की कुशलता में सुधार होने की संभावना है।

**भौतिक अवसंरचना के सृजन में कंपनी के लिए अवसर निम्नलिखित क्षेत्रों में विद्यमान हैं:**

रेलवे: "भारतीय रेल विजन 2020" में 25000किमी नई रेल लाईन बिछाने , यात्री तथा मालभाड़ा रेल लाईनों के पृथकिकरण के साथ 6000 किमी नेटवर्क को चौगुना करना, 14000 किमी रेल विद्युतीकरण, आमान परिवर्तन के कार्य को पूरा करना, 2000 किमी उच्च गति गलियारे का निर्माण पर बल दिया गया है। समर्पित मालभाड़ा गलियारा (डीएफसी) परियोजना में मुम्बई से रेवाड़ी तक पश्चिमी कॉरीडोर तथा लुधियाना से दनकुनी तक पूर्वी कॉरीडोर को दुपक्षीय / बहुपक्षीय ऋण, बजटीय सहायता तथा सार्वजनिक निजी भागीदारी के मिश्रित प्रयासों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। इन गालियारों को 12वीं योजना के अंतिम वर्ष यथा 2016-17 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यात्री सुविधाओं का स्तरोन्नयन तथा रेलवे स्टेशनों का विकास वे दो अन्य क्षेत्र हैं जहां कंपनी के लिए अवसर विद्यमान हैं।

सड़कें : सड़क क्षेत्र में मुख्य बल न्यूनतम स्वीकार्य दो-लेन मानक तक संपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विकसित करना, पूर्वोत्तर क्षेत्र में विशेष गति सड़क विकास कार्यक्रम, नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों का विकास, जम्मू और कश्मीर राज्य में सड़कों के निर्माण/पुन:निर्माण के लिए प्रधान मंत्री पुनर्निमाण योजना, प्रगतिरत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएनजीएसवाई) के माध्यम से ग्रामीण सड़कों का निर्माण, आदि पर दिया गया है।

**विद्युतीय परियोनाएं :** बीओटी/बीओओटी/बीओएलटी के अंतर्गत विद्युतीय परियोजनाएं प्रत्यक्ष रुप से या संयुक्त उद्यम / कंसोर्टियम के सदस्य के रुप में कंपनी को अवसर उपलब्ध करा सकती हैं।

**सिगनलिंग और दूरसंचार परियोजनाएं:** कंपनी के पास सिगनलिंग और दूरसंचार के क्षेत्र में अंतररष्ट्रीय परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए अवसर विद्यमान हैं।

आपकी कंपनी पहले से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत परियोजनाओं, भारतीय रेलवे के लिए सड़क ऊपरी पुलों का निर्माण तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पोत संपर्कता परियोजना, विद्युतीय उप-स्टेशनों, रेल विद्युतीकरण, ऊर्जा आपूर्ति वितरण नेटवर्क तथा औद्योगिक विद्युतीकरण परियोजनाओं का निष्पादन कर रही है।

कंपनी मलेशिया, श्रीलंका, अल्जीरिया, इथोपिया तथा अफगानिस्तान में भी परियोजनायें निष्पादित कर रही है। इसके अतिरिक्त, **बांग्लादेश, म्यानमार, वियतनाम, अन्य मिडिल ईस्ट के देशों तथा अफ्रीकी देशों** में भी अवसर विद्यमान हैं।

## दृष्टिकोण

वर्ष 2012-13 के लिए रेल मंत्रालय के साथ किए गए समझौता ज्ञापन में उल्लिखित कम्पनी का विजन, लक्ष्य तथा उद्देश्य निम्नानुसार हैं:-

### विजन

आधार संरचना के क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों और सेवाओं के सम्पूर्ण आयाम को शामिल करते हुए इस क्षेत्र की सर्वोत्तम कम्पनियों की तुलना में विशिष्टता प्राप्त निर्माण संगठन के रूप में देश तथा विदेशों में अपनी पहचान बनाना।

### लक्ष्य

1. भारत तथा विदेशों में परिवर्तनशील आर्थिक परिदृश्य के अवसंरचनात्मक विकास की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम्पनी को प्रभावपूर्ण रूप से तैयार करना।
2. सर्वोत्तम अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च गुणवता वाले उत्पाद व सेवाओं को इंजीनियरिंग तथा बेहतर कार्पोरेट शासन व ग्राहक संतुष्टि की दृष्टि से उपलब्ध कराकर विश्वव्यापी पहचान बनाना।

### उद्देश्य

1. कम्पनी की व्यावसायिक गतिविधियों के आकार व मूल्य को बढ़ाना ताकि वर्ष 2012-13 तक 5500 करोड़ रुपए का टर्नओवर प्राप्त किया जा सके।
2. लगाई गई पूँजी से इष्टतम लाभ प्राप्त करना।

### वित्तीय निष्पादन

वर्ष 2011-12 में कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक कुल आय अर्जित की है यथा 3782 करोड़ रूपए है जो वर्ष 2010-11 में प्राप्त 3254 करोड़ रूपए की कुल आय से अधिक है। कुल आय (3601 करोड़ रुपए) का लगभग 95% निर्माण प्रचालनों से प्राप्त हुआ है जिसमें से लगभग 51% (1850 करोड़ रुपए) विदेशी परियोजनाओं से प्राप्त हुआ है । स्पष्ट शब्दों में पिछले एक वर्ष के दौरान विदेशी परियोजनाओं से प्रचालनिक आय में लगभग 17% की वृद्धि हुई है। कर पूर्व लाभ 2010-11 में 401 करोड़ रुपए से बढ़कर 2011-12 में 602 करोड़ रुपए हो गई है जो 50% की वृद्धि को दर्शाता है। कर पश्चात लाभ लगभग दुगना हो गया है। वर्ष के दौरान निवल आय में 26% की वृद्धि हुई है तथा सकल मार्जिन में 52% की वृद्धि हुई है। प्रति शेयर आमदनी 2010-11 में 242.99 रुपए से बढकर 2011-12 में 474.76 रुपए हो गई है जो कि 95% की वृद्धि है।

निदेशक मंडल ने 65 रुपए प्रति ( शेयर प्रदत्त शेयर पूंजी पर 650%) की दर से लाभांश की घोषणा व भुगतान पर विचार करने की सिफारिश की है। कंपनी ने पहले ही दिसंबर, 2011 में 30 रुपए प्रति शेयर (300%) की दर से अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है। वार्षिक आम बैठक की घोषणा के पश्चात देय 64.34 करोड़ रुपए का लाभांश तथा पहले से भुगतान किया गया अंतरिम लाभांश (29.69 करोड़ रुपए), मिलकर वर्ष 2011-12 के लिए 94.03 करोड़ रुपए का कुल लाभांश होगा, जो कि कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी का 950% है।

### प्रचालनिक निष्पादन

### क्षेत्रीय निष्पादन

रेलवे और राजमार्ग लाभ के मूल क्षेत्र बने हुए हैं। वर्ष 2011-12 के दौरान प्रचालन आय-रेल से 81%, हाईवे से 14% तथा शेष 5% भवनों, विद्युत उप-स्टेशनों आदि से प्राप्त हुई। क्षेत्रवार तुलनात्मक स्थिति नीचे दर्शाई गई है। तालिका राजमार्ग निर्माण कार्यों की तुलना में रेलवे के कार्यों में पिछले तीन वर्षों की तुलना में वृद्धि को दर्शाती है। रेलवे निर्माण कार्यों से प्रचालनिक आय का अनुपात वर्ष 2010-11 में 64% से बढक़र वर्ष 2011-12 में 81% हो गया है, जबकि राजमार्ग क्षेत्र में यह अनुपात 2009-10 में 29% से घटकर 2011-12 में 14% हो गया है।

विद्युतीय परियोजनाओं तथा उप-स्टेशनों (जो कि 'अन्यों' का भाग है) से आय के भाग में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1% की भी कमी हुई है।

(₹ करोड़ में)

| | 2009-10 | | 2010-11 | | 2011-12 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रचालन आय | % | प्रचालन आय | % | प्रचालन आय | % |
| रेलवे | 1801 | 57 | 2033 | 64 | **2907** | **81** |
| राजमार्ग | 1004 | 32 | 935 | 29 | **489** | **14** |
| भवन | 27 | 1 | 61 | 2 | **76** | **2** |
| अन्य* | 321 | 10 | 146 | 5 | **129** | **3** |
| **कुल** | **3153** | | **3175** | | **3601** | |

*विद्युतीय परियोजनाओं से आय सहित (वर्ष 2009-10 के दौरान 285 करोड़ रुपए, 2010-11 के दौरान 128 करोड़ रूपए तथा 2011-12 के दौरान 124 करोड़ रूपए)

**क्षेत्र-वार कार्यनिष्पादन**

वर्ष 2011-12 और 2010-11 के दौरान विदेशी परियोजनाओं से कुल आय का अंशदान 49% है जो कि 2009-10 में 38% तथा पिछले 3 वर्षों के दौरान तुलनात्मक स्थिति निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

| | 2009-10 | | 2010-11 | | 2011-12 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल आय | % | कुल आय | % | कुल आय | % |
| विदेशी | 1217 | 38 | 1587 | 49 | **1865** | **49** |
| घरेलू | 1967 | 61 | 1613 | 50 | **1764** | **47** |
| अनावंटित | 33 | 1 | 54 | 1 | **153** | **4** |
| **जोड़** | **3217** | | **3254** | | **3782** | |

**शक्तियाँ**

आपकी कंपनी के पास बड़ी संख्या में अन्तरराष्ट्रीय परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का व्यापक अनुभव है, विशेष रुप से विकासशील देशों में। इसकी मुख्य शक्तियाँ हैं विशाल वित्त व्यवस्था (निरंतर लाभ प्रदत्त तथा कम्पनी के तुलनपत्र से प्रदर्शित होता है) स्थापित विश्वसनीयता, सक्षम श्रमशक्ति। ग्राहकों की संतुष्टि के स्तर तक गुणवत्तापूर्वक समय पर निष्पादन कंपनी का ट्रैक रिकार्ड रहा है।

**अवसर**

भारत तथा विदेशों में, विशेष रूप से रेलवे सेक्टर में पिछले दो वर्षों में अवसंरचना के क्षेत्र के विकास में पुनःजागृति होने से कम्पनी को अधिक व्यवसाय प्राप्त करने की स्थिति को बेहतर बनाने के अवसरों में बहुत वृद्धि हुई है। रेलवे तथा राजमार्ग क्षेत्र में बीओटी परियोजनाएं तथा रियल एस्टेट कंपनी की वित्तीय शक्ति का प्रयोग करने के लिए अत्यंत आकर्षक अवसर उपलब्ध कराता है।

**बाध्यताएँ**

हालांकि प्रत्येक संगठन को एक निश्चित विधिक ढाँचे के भीतर काम करना पड़ता है, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के रुप में कंपनी को उन अतिरिक्त बाध्यताओं का सामना करना पड़ता है (निजी क्षेत्र की कम्पनियों पर लागू नहीं होती) जिसके परिणामस्वरूप प्रतियोगी बाजार में उन्हें असुविधा होती है। विदेशी प्रतियोगियों के पास आसान ऋण की उपलब्धता तथा निजी निवेशकों के पास प्रापण तथा प्रचालन का लचीलापन जैसे कुछ अन्य कारक हैं।

**रणनीति**

अपने महत्वपूर्ण सक्षमता तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में बल देकर कम्पनी कार्य प्राप्त करने की स्थिति में सुधार करने और उसे बनाए रखने के लिए विपणन रणनीति की ओर ध्यान केंद्रित कर रही है। कम्पनी की मूल सक्षमता यथा रेलवे, विद्युतीकरण उपस्टेशन, रेल विद्युतीकरण तथा वाणिज्यिक परिसरों को और अधिक समेकित किया जा रहा है।

**जोखिम और चिन्ता**

**क. परियोजना जोखिम प्रबंधन**

अगस्त 2007 से एक औपचारिक जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क उपलब्ध है। कम्पनी में पूर्णकालीन निदेशकों की एक जोखिम प्रबंधन समिति तथा महाप्रबंधक/कार्यपालक निदेशक (मंडल स्तर से नीचे) के स्तर की एक त्वरित कार्यदल विद्यमान है जो इसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है। इस फ्रेमवर्क के अनुसार जोखिम प्रबंधन नीति, जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाएं तथा जोखिम प्रबंधन पर एम आई एस रिपोर्टें सहित एमआईएस रिपोर्टों के फार्मेट तैयार किए हैं जिनकी लेखापरीक्षा समिति द्वारा आवधिक समीक्षा की जाती है। जोखिमों के प्रबंधन तथा उन्हें कम करने के लिए त्वरित कार्यदल से प्राप्त रिपोर्टों को जोखिम प्रबंधन समिति के माध्यम से लेखापरीक्षा समिति को प्रस्तुत किया जाता है।

भारत में परियोजनाओं के निष्पादन में मुख्य चिन्ता का विषय दायित्वों से मुक्त भूमि की गैर उपलब्धता है जिसके कारण समय तथा लागत के बढ़ जाने का जोखिम है, जिसकी क्षतिपूर्ति अधिकतर क्लाइंट द्वारा की जाती है। दायित्वों से मुक्त भूमि की निरंतर गैर उपलब्धता के कारण एनएचएआई की कुछ परियोजनाओं को पूरा करने में कंपनी को विलंब हुआ है। तथापि, कंपनी ने भारी हानियों के बावजूद इन परियोजनाओं से अपना हाथ नहीं खींचा है।

जोखिम भरे भौगोलिक क्षेत्रों में कार्य करने के दौरान कम्पनी के कर्मचारियों तथा परियोजनाओं को जोखिम उठाना पड़ता है और यहाँ जोखिम की सम्भावना रहती है तथा कर्मचारियों की जान, स्वतंत्रता तथा सम्पत्ति को खतरा बना रहता है। बहरहाल, कम्पनी राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने में गर्व का अनुभव करती है। कम्पनी ने सरकार की मदद से पर्याप्त सुरक्षा सुविधाएँ तथा ऐसे क्षेत्रों में कार्य करने के लिए बीमा आदि जैसे उपाय किए है। स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए नीति और प्रक्रियाएं विद्यमान है।

**ख. कोषीय जोखिम प्रबंधन**

आपकी कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक के बीएएसईएल-।। मापदंडों के आधार पर वर्ष 2008-09 के दौरान क्रेडिट एनलाइसिस एंड रिसर्च लिमिटेड (सीएआरई) द्वारा दीर्घकालीन गैर निधि आधारित बैंक सुविधाओं के लिए 'सीएआरई एएए' रेटिंग तथा अल्पकालीन गैर निधि आधारित बैंक सुविधाओं के लिए ए1+ रेटिंग (इसे पहले 'पीआर 1+' रेंटिंग कहा जाता था और इसे अब सेबी द्वारा 15 जून 2011 को जारी परिपत्र के अनुसार मानकीकृत कर दिया गया है) प्रदान की गई है। सीएआरई द्वारा दिसंबर, 2011 में वार्षिक निगरानी समीक्षा द्वारा इन रेटिंगों की पुनः पुष्टि की है।

विदेशी मुद्रा जोखिम को कम करने के लिए विदेशी मुद्रा संचलनों की निरंतर निगरानी की जाती है और लागू कानूनों के अनुसार अतिरिक्त निधियों को भारत वापस लाया जाता है। विदेशी मुद्रा इनफ्लो तथा आऊटफ्लो की मैचिंग के दौरान प्राकृतिक व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए विदेशी मुद्रा में निधियों को रखकर तथा धरेलू बाजार में ब्याज दरों को ध्यान में रखते हुए समग्र प्रतिपूर्ति को अधिकतम बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। पारदर्शी तथा सुव्यवस्थित तरीके से विदेशी बैंकों में निधियों के स्थापन को सुनिश्चित करने के लिए विदेशी परियोजनाओं हेतु निवेश दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं।

**आंतरिक नियंत्रण प्रणाली**

कम्पनी के पास उपयुक्त आंतरिक नियंत्रण और आंतरिक लेखापरीक्षा विद्यमान है जो इसके आकार और व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप है। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और परियोजना विशिष्ट बनाने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा पुस्तिका को उचित रूप से संशोधित किया गया है और उसमें आंतरिक लेखपरीक्षकों के लिए मार्गदर्शन सिद्धान्त दिए गए हैं।

प्रमुख निष्पादन सूचकांकों को नियंत्रित करने के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग फार्मेट के माध्यम से गहन मानीटरिंग की जाती है। मार्जिन से नीचे चल रही परियोजनाओं के निष्पादन को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी व वित्तीय लेखापरीक्षा व नियंत्रण की एक प्रणाली आरम्भ की गई है।

कंपनी में ढांचागत संगठनात्मक चार्ट तथा शक्तियों के प्रत्यायोजन की प्रणाली विद्यमान है। व्यापाक आंतरिक एमआईएस प्रणाली (ऑनलाइन रिपोर्टिंग फार्मेट) के साथ यह प्रभावी मॉनीटरिंग को सुलभ बनाने के लिए उपयुक्त सूचना प्रवाह को सुनिश्चित करती है। इन प्रक्रियाओं के अनुपालन की मॉनीटरिंग प्रत्येक वित्त वर्ष के दौरान दो चरणों में आंतरिक लेखापरीक्षा के माध्यम से की जाती है। कंपनी में एक आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली विद्यमान है जिसके लिए आंतरिक लेखा परीक्षा फर्मों की आवश्यकता है ताकि उपयुक्त आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की उपस्थिति तथा उस प्रणाली के भीतर अनुपालन के अतिरिक्त उचित जोखिम आकलन व निवारण तंत्र की उपस्थिति के विकल्प पर टिप्पणियां प्रस्तुत की जा सके। आंतरिक लेखापरीक्षक सनदी लेखाकार होते हैं जो सीधे प्रबंधन को रिपोर्ट करते हैं। जो अपनी स्वतंत्रता को भी सुनिश्चित करते हैं। आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों की समीक्षा की जाती है अनुपालनों को सुनिश्चित किया जाता है तथा अनुपालन सहित लेखापरीक्षा रिपोर्टों के समेकन को लेखापरीक्षा समिति द्वारा विचार किए जाने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को प्रस्तुत किया जाता है

आंतरिक नियंत्रण तथा लेखपरीक्षा प्रणाली के प्रबंधन व लेखापरीक्षा समिति द्वारा आवधिक समीक्षा की जाती है तथा निरन्तर सुधार की प्रक्रिया के रूप में कदम उठाए जाते हैं। वर्ष के दौरान संरचनात्मक जालसाजी निवारण, निर्धारण तथा नियंत्रण नीति (एफपीडीसी नीति) तथा विसल ब्लोवर नीति को अंतिम रुप दिया गया है और निदेशक मंडल द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान की गई है।

**मानव संसाधन**

कंपनी का उद्देश्य संगठन के लिए मानव संसाधन/कर्मचारियों के सही आकार तथा सही मिश्रण को प्राप्त करना है। चूंकि आपकी कंपनी एक परियोजना आधारित कंपनी है श्रमशक्ति आवश्यकताओं की प्रकृति अस्थाई है। इसलिए कर्मचारियों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति, संविदा तथा सेवा संविदा में किए जाने को वरीयता दी जाती है। भर्ती नीतियों को पुनर्निधारित किया गया है ताकि उन्हें कंपनी की समग्र नीति की तर्ज पर बनाया जा सके। वर्ष के दौरान संविदा/सेवा संविदा के आधार पर तैनात किए गए कर्मचारियों की संख्या में व्यापक वृद्धि हुई है। इससे कंपनी की नियमित कार्यप्रणाली पर प्रभाव डाले बिना विभिन्न परियोजनाओं पर जब कभी आवश्यकता हो, तकनीकी रूप से योग्य कर्मचारियों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा सकता है।

कर्मचारियों के तकनीकी तथा प्रबंधकीय कौशलों में संवर्धन करने की दृष्टि से प्रशिक्षु कार्यक्रमों को तैयार किया गया है। पदोन्नति से पूर्व भी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ताकि वो पदोन्नति प्रक्रियाओं से निपट सकें और उच्चतर स्तर पर कार्य संबंधी प्रक्रियाओं और उत्तरदायित्वों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

दूसरी वेतन संशोधन समिति की सिफारिशों पर आधारित कार्य निष्पादन प्रबंधन प्रणाली को रेल मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कंपनी के उद्देश्यों तथा लक्ष्यों की तर्ज पर सभी परियोजनाओं और कार्यों के लिए प्रमुख परिणाम क्षेत्रों पर विशेष ध्यान आकर्षित करके सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है।

कंपनी दूसरी वेतन संशोधन समिति की सिफारिशों के आधार पर अधिवर्षिता लाभ के भाग के रुप में एक पेंशन योजना तैयार कर रही है जिस पर रेल मंत्रालय से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की जा रही हैं। कंपनी में अंशदायी भविष्य निधि, उपदान, तथा सेवानिवृत्ति पश्चात एक चिकित्सा ट्रस्ट के माध्यम से अंतरण चिकित्सा लाभ मौजूद है।

संलग्नक "ग"

# कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट

**1. कार्पोरेट शासन तथा आधारभूत मूल्यों के संबंध में कंपनी के विचार।**

1.1 कंपनी का कार्पोरेट शासन कोड है **"व्यावसायिक, लाभकारी एंव उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की प्रत्येक गतिविधि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना"**

1.2 निदेशक मंडल द्वारा ग्रहण किए गए कम्पनी के **आधारभूत मूल्य** हैं :-

1. रचनात्मक दृष्टिकोण
2. एक टीम के रूप में कार्यरत
3. कार्य में उत्कृष्टता
4. कार्य और लेन-देन में सत्यनिष्ठा
5. जिम्मेदार और उत्तरदायी होना

**2. निदेशक मंडल**

**2.1 निदेशक मंडल की संरचना**

निदेशक मंडल की वर्तमान संरचना में नौं निदेशक हैं जिनमें तीन स्वतंत्र निदेशक, चार पूर्णकालीन निदेशक (प्रबंध निदेशक, निदेशक निर्माण, निदेशक वित्त तथा निदेशक परियोजना) तथा अध्यक्ष सहित दो सरकार द्वारा मनोनीत (अंशकालीन-सरकारी) निदेशक हैं। स्वतंत्र निदेशक कुल संख्या का एक तिहाई हें जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292 ए, डीपीई निगमित शासन दिशानिर्देशों (डीपीई सीजी दिशानिर्देशों) तथा डीपीई की मिनी रत्न अपेक्षाओं के अनुरुप है।

**2.2 इस रिपोर्ट की तारीख को निदेशकों का ब्यौरा निम्नानुसार है :**

**निदेशक मंडल तथा**
**निदेशक मंडल/समितियों में उनकी सदस्यता**
**(इस रिपोर्ट की तारीख तक)**

| निदेशक | पूर्णकालिक/ अंशकालिक सरकारी / स्वतंत्र | प्राईवेट कंपनियों में मंडलों की सदस्यता इरकॉन को छोड़ कर | इरकॉन समेत(प्राईवेट कम्पनियों में) समिति सदस्यता की कुल संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अध्यक्ष के रूप में | सदस्य के रूप में (अध्यक्ष के अलावा) |
| ए.पी. मिश्रा | अध्यक्ष-अंशकालीन (सरकारी) | 3 (आरवीएनएल, डीएमआरसी तथा केआरसीएल) | शून्य | शून्य |
| मोहन तिवारी | प्रबंध निदेशक - पूर्णकालीन | 1 (आईआरएसडीसी) | 1 | शून्य |
| के.के. गर्ग | निदेशक वित्त - पूर्णकालीन | 2 (आईआरएसडीसी तथा सीसीएफबी) | 1 | 2 |
| दीपक सबलोक | निदेशक परियोजना- पूर्णकालीन | 1 (आईआरएसडीसी) | शून्य | 3 |
| हितेश खन्ना | निदेशक कार्य - पूर्णकालीन | 1 (इरकॉन आईएसएल) | शून्य | 1 |
| जी वी राव | स्वतंत्र निदेशक - अंशकालीन (गैर सरकारी) | शून्य | 1 | 2 |
| एस.एस.चटर्जी (16.09.2011 पू. से) | स्वतंत्र निदेशक - अंशकालीन (गैर सरकारी) | 1 (आरवीएनएल) | 1 | 2 |
| बी.एम.शर्मा (19.09.2011 पू. से) | स्वतंत्र निदेशक - अंशकालीन (गैर सरकारी) | शून्य | 1 | 1 |
| डी.के.सराफ (17.02.2012 पू. से) | अंशकालीन (सरकारी) | 1 (एमआरवीसी) | 1 | 2 |

**टिप्पणियाँ :**

1. कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निदेशकों की अधिकतम सीमा संख्या पंद्रह (15) तक है।
2. अंतिम कॉलम में शामिल की गई समितियां हैं लेखापरीक्षा समिति, शेयरधारक / निवेशक शिकायत समिति, पारिश्रमिक समिति, धारणीय विकास समिति, शेयर जारी समिति तथा निवेश समिति।
3. निदेशकों की समिति सदस्यों की संख्या 10 की अधिकतम सीमा के भीतर है जिसमें 5 अध्यक्षता की अनुमेय सीमा भी शामिल है। उक्त सीमा के लिए केवल लेखा परीक्षा समिति तथा शेयरधारक / निवेशक शिकायत समिति को ही गिना जाएगा।
4. इस रिपोर्ट में प्रयुक्त "पूर्णकालिक निदेशक" पद का आशय प्रकार्यात्मक/कार्यपालक निदेशकों से है जैसाकि सूचीकरण करार से अपेक्षित है।
5. इस रिपोर्ट में "अंशकालिक निदेशक" पद का आशय गैर-कार्यपालक निदेशकों से है जैसाकि सूचीकरण करार से अपेक्षित है।
6. 'सरकारी' शब्द अंशकालिक सरकारी नामित निदेशकों को दर्शाता है जिन्होंने सरकार में पदग्रहण किया हुआ है।
7. शब्द "गैर-सरकारी"स्वतंत्र उन अंशकालिक निदेशकों को दर्शाता है जो सरकार में पदधारक नहीं हैं।
8. पूर्णकालिक निदेशकों को उनकी नियुक्ति के निबंधनों और शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक और अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों को बैठक में भाग लेने की फीस हकदारी से अलग, जैसाकि इस रिपोर्ट के पैरा 4 मे दिया है, किसी भी निदेशक का कंपनी के साथ कोई भी अन्य भौतिक या आर्थिक संबंध नहीं है जिससे निर्णय की स्वतंत्रता प्रभावित होती हो।
9. संदर्भित कंपनियों के पूरे नाम :
   - क) एमआरवीसी - मुम्बई रेल विकास निगम लिमिटेड
   - ख) आरवीएनएल - रेल विकास निगम लिमिटेड
   - ग) डीएमआरसी - दिल्ली मेट्रो निगम लिमिटेड
   - घ) केआरसीएल - कोंकण रेल निगम लिमिटेड
   - ड.) सीसीएफबी - कंपनिया डोज कैमिनोज डी फेरो डा बेरा (सीसीएफबी) मोजांम्बिक में एक संयुक्त उद्यम कंपनी
   - च) इरकॉन आईएसएल - इरकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लिमिटेड, इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी
   - छ) आईआरएसडीसी - भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम लि., इरकॉन तथा रेल भूमि विकास प्राधिकरण के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी है और इरकॉन की सहायक कंपनी है।

**पदमुक्त हुए निदेशक**
**(वर्ष 2011-12 के दौरान तथा तत्पश्चात इस रिपोर्ट की तारीख तक)**

| निदेशक | पूर्णकालिक/ अंशकालिक सरकारी /अंशकालिक | सार्वजानिक कंपनियों के निदेशक मंडलों की सदस्यता (इरकॉन को छोड़कर) | सार्वजनिक कंपनियों के समिति सदस्यों की संख्या (इरकॉन सहित) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अध्यक्ष के रूप में | सदस्य के रूप में |
| बी.एन.राजशेखर (25.10.2010 (पू) से 10.11.2011 (अ) तक पद पर रहे। अपर सदस्य (नियोजन) रेलवे बोर्ड के पद से पदमुक्त हुए) | अंशकालीन (सरकारी) | 1 (एमआरवीसी) | 1 | 2 |

**3. निदेशकों के संबंध में प्रकटन :**

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 299 के अन्तर्गत निदेशकों द्वारा किए गए प्रकटनों के अनुसार निदेशकों के मध्य आपस में कोई संबंध में नहीं होगा । केवल दो अंशकालीन (सरकारी) निदेशकों (अध्यक्ष सहित) में जो प्रशासनिक मंत्रालय यथा रेल मंत्रालय के अधिकारी होंगे और इस प्रकार प्रमोटरों से संबंधित हैं। चूंकि अंशकालीन निदेशकों सहित सभी निदेशकों की नियुक्त कंपनी के हाथ में नहीं है और यह कार्य सरकार द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से किया जाता है, इसलिए कम्पनी अधिनियम, 1956 के खंड-255 से 257 के अनुसार निदेशक की नियुक्ति के लिए वार्षिक आम बैठक के नोटिस में मद को रखना सभंव नहीं है जो सामान्य बैठक में निदेशकों के 2/3 सदस्यों तक नियुक्ति के लिए कार्यविधि उपलब्ध कराता है। निदेशकों की नियुक्ति सरकार करती है और वह भी निर्धारित कार्यकाल के लिए जिसके कारण प्रत्येक वर्ष रोटेशन द्वारा किसी निदेशक की वास्तविक सेवानिवृत्ति की संभावना नहीं है और इस प्रक्रिया में कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 255 से 257 लागू नहीं होती है। सरकार कंपनी की 100% प्रदत्त शेयर पूंजी पर अधिकार नहीं रखती है।

**3.1 अंशकालीन/ निदेशक के रुप में बोर्ड में कार्यभार ग्रहण करने वाले निदेशकों का संक्षिप्त कार्यवृत्त**

**क. श्री देव कुमार सराफ, अंशकालीन (सरकारी) निदेशक, इरकॉन**
(17.02.2012 से )

श्री डी.के.सराफ, अपर सदस्य (नियोजन), रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय द्वारा दिनांक 03.02.2012 को जारी राष्ट्रपति आदेशों के अनुसार 17.02.2012 से इरकॉन के अंशकालीन सरकारी निदेशक हैं।

श्री सराफ का जन्म 01.07.1953 को हुआ और इन्होंने बी.ई (मकैनिकल) तथा एमबीए की डिग्री प्राप्त की। ये भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसएमई) के अधिकारी हैं और इन्होंने 04.10.1976 को भारतीय रेल में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इन्हें भारतीय रेल में विभिन्न पदों पर कार्य करने का 33 वर्ष का व्यापक अनुभव प्राप्त है। इन्होंने विख्यात संस्थानों जैसे इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश रेल इंजीनियरिंग लि., यूके, इंटरनेशनल सेंटर फॉर एक्सट्रिकेशन टैकनीक्स, नीदरलैंड तथा इंस्ट्यूट ऑफ मेनेजमेंट, पैरिस, फ्रांस से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**ख. श्री ब्रिजमोहन महादेवप्रसाद शर्मा, स्वतंत्र निदेशक**
(19.09.2011से)

श्री बी.एम.शर्मा, अध्ययनकर्ता लागत लेखाकार, भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के लागत लेखांकन मानक बोर्ड (सी.ए.एस.बी.) के सदस्य हैं और इस संस्थान के भूतपूर्व अध्यक्ष हैं। इन्होंने रेल मंत्रालय द्वारा जारी 05.09.2011 के राष्ट्रपति आदेश के तहत 19.09.2011 को स्वतंत्र निदेशक (अंशकालीन-गैर सरकारी) के रुप में इरकॉन के बोर्ड में कार्यभार ग्रहण किया।

इनका जन्म 01.04.1964 को हुआ और इन्होंने एम.कॉम, एफसीएमए (भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के फेलो सदस्य), एफआईपीए (जन लेखाकार संस्थान के फेलो सदस्य (आस्ट्रेलिया)), तथा एफसीएमएएसएल (इंस्ट्टीयूट ऑफ सर्टिफाइड मैनेजमेंट एकाउंटेंट्स और श्रीलंका के फेलो सदस्य) की योग्यता प्राप्त की है।

श्री शर्मा ने विभिन्न संगठनों, संस्थानों आदि में विभिन्न व्यावसायिक पदों पर कार्य किया है, जिसमें विभिन्न समितियों, विजिटिंग फैकल्टी आदि में निदेशक पद, अध्यक्ष पद, सदस्य पद शामिल हैं। भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के परिषद सदस्य तथा अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के रुप में श्री शर्मा ने भारत वर्ष तथा विदेश में व्यापक भ्रमण किया और लेखाकारों के अंतरराष्ट्रीय निकाय की विभिन्न समितियों और बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। इन्होंने केनवॉट ऑडिट, मूल्यांकन लेखापरीक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा, सेवा कर में इनपुट कर क्रेडिट आदि पर दिशा-निर्देशों और प्रबंधन लेखांकन दिशा-निर्देशों से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक विकास प्रकाशनों में व्यापक योगदान किया है।

**ग ) प्रो0 (डॉ0) सुभ्रांशु शेखर चटर्जी, स्वतंत्र निदेशक**
(16.09.2011 से)

प्रो0 (डॉ0) एस.एस. चटर्जी, प्रमुख तथा डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ, कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता, ने रेल मंत्रालय द्वारा जारी 05.09.2011 के राष्ट्रपति आदेशों के अनुसार 16.09.2011 को स्वतंत्र निदेशक के रुप में इरकॉन के निदेशक मंडल में अपना कार्यभार ग्रहण किया। ये 13.05.2011 से रेल विकास निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक भी हैं।

प्रो0 (डॉ0) चटर्जी का जन्म 15.05.1955 को हुआ और इन्होंने एलएल.एम तथा लॉ में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। इन्होंने वाराणसी बार एसोसिएशन में एडवोकेट के रुप में अपना कैरियर आरंभ किया। फैकल्टी ऑफ लॉ के प्रमुख तथा डीन होने के अतिरिक्त ये कोलकाता विश्वविद्यालय में सेनेट तथा सिंडिकेट के सदस्य भी हैं। ये पिछले 23 वर्षों से कोलकाता विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य कर रहे हैं। इन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में वक्तव्य देने, विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा लॉ कॉलेजों में कार्यशालाएं आयोजित करने तथा लॉ में पीएचडी करने के अतिरिक्त विधि संबंधी विभिन्न विषयों पर पुस्तकें तथा लेख लिखे/प्रकाशित किए हैं। इन्हें इनके उत्कृष्ट शैक्षिक निष्पादन के लिए 2007 में इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा ''शिक्षा रत्न पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया था। इन्हें हिन्दू प्रकाशन हाऊस, नई दिल्ली द्वारा 2008 में भारत का सर्वश्रेष्ठ नागरिक का पुरस्कार भी प्रदान किया गया था।

**4. निदेशकों का पारिश्रमिक**

सरकारी कंपनी होने के कारण पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा रेल मंत्रालय के माध्यम से की जाती है और सरकार द्वारा पूर्व-निर्धारित औद्योगिक मंहगाई भत्ता (आईडीए) वेतनमानों तथा सरकार द्वारा जारी की गई उनकी नियुक्ति के निबंधनों और शर्तों के अनुसार उन्हें पारिश्रमिक मिलता है।

निदेशक मंडल के अंशकालीन अध्यक्ष सहित अंशकालिक सरकारी नामितियों को निदेशक के रूप में अपनी भूमिका के लिए कंपनी से कोई पारिश्रमिक नहीं मिलता है बल्कि उन्हें सरकारी अधिकारियों के रूप में सरकार से केन्द्रीय मंहगाई भत्ता (सीडीए) वेतनमानों के अधीन पारिश्रमिक मिलता है।

शेयरधारकों ने दिनांक 26 सितम्बर, 2007 को आयोजित 31वीं वार्षिक आम सभा में निदेशक मंडल को कम्पनी (केन्द्र सरकार) के सामान्य नियमों तथा फार्मों के नियम 10 बी द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर सिटिंग शुल्क के रुप में अंशकालीन (गैर-सरकारी) स्वतंत्र निदेशकों के देय वेतन का निर्धारण करने के लिए प्राधिकृत किया। इस प्राधिकार का अनुसरण करते हुए निदेशक मंडल ने 26 अक्तूबर, 2007 को आयोजित अपनी 174वीं बैठक में निदेशक मंडल तथा उनकी किसी समिति की प्रत्येक बैठक के लिए 10,000 रुपए का सिटिंग शुल्क निर्धारित किया है।

### 4.1 2011-12 के लिए पूर्णकालीन निदेशकों के पारिश्रमिक पैकेज पर प्रकटन :

(₹ में)

| क्र सं0 | निदेशकों के नाम | वेतन एवं भत्ते | अन्य लाभ एवं पर्क | कार्य निष्पादन संबंधी प्रोत्साहन* | सेवानिवृत्ति लाभ | बोनस/ कमीशन/ अनुग्रह राशि | वर्ष के दौरान स्टॉक ऑप्शन | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहन तिवारी, प्रबंध निदेशक (2011-12 में वर्ष भर) | 20,99,901 | 6,16,803 | 19,76,880 | 1,89,787 | - | - | 48,83,371 |
| 2 | श्री के.के. गर्ग, निदेशक वित्त (2011-12 में वर्ष भर) | 19,70,702 | 3,89,128 | 5,55,000 | 1,69,845 | - | - | 30,84,675 |
| 3 | श्री दीपक सबलोक निदेशक परियोजना (2011-12 में वर्ष भर) | 18,60,661 | 2,87,454 | - | 1,67,519 | - | - | 23,15,634 |
| 4 | श्री हितेश खन्ना, निदेशक कार्य (2011-12 में वर्ष भर) | 18,01,285 | 3,75,744 | 5,89,652 | 1,64,854 | - | - | 29,31,535 |

*वर्ष 2009-10 से संबंधित

### 4.2 वर्ष 2011-12 के दौरान स्वतंत्र निदेशक/अंशकालीन (गैर सरकारी) निदेशकों को किए गए भुगतान का ब्यौरा :

(₹ में)

| क्र सं0 | स्वतंत्र निदेशक/अंशकालीन (गैर सरकारी) निदेशकों के नाम | बैठक शुल्क | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| | | बोर्ड की बैठक | समिति की बैठक | |
| 1 | डॉ. जी. वी. राव (2011-12 में वर्ष भर) | 50,000 | 50,000 | 1,00,000 |
| 2 | प्रा. (डॉ.) एस. एस. चटर्जी (16.09.2011 से) | 20,000 | 20,000 | 40,000 |
| 3 | श्री बी. एम. शर्मा (19.09.2011 से) | 20,000 | 20,000 | 40,000 |

## 5. बोर्ड प्रक्रिया

### 5.1 निदेशक मंडल चार्टर

क) कंपनी में निदेशक मंडल से स्वीकृत औपचारिक बोर्ड चार्टर तथा निगमित शासन उद्देश्य तथा दृष्टिकोण तथा निदेशक मंडल (पूर्णकालीन निदेशको, स्वतंत्र निदेशकों, सरकारी निदेशकों सहित) तथा प्रबंधन (वरिष्ठ प्रबंधन) की भूमिका तथा उत्तरदायित्व विद्यमान हैं।

ख) यह निदेशक मंडल चार्टर अनिवार्य रुप से निगमित शासन उद्देश्यों तथा दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी के निदेशक मंडल की कंपोजिशन व संरचना और भूमिका तथा उत्तरदायित्व को निर्धारित करता है।

ग) अंशकालीन अध्यक्ष सहित अंशकालीन निदेशकों को अपने उत्तरदायित्वों के निर्वाहन को सुलभ बनाने के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में स्वतंत्र कार्यलय स्थल निर्धारित किया गया है।

### 5.2 वर्ष 2011-12 के दौरान निदेशक मंडल की बैठकें और उपस्थिति :

क) वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान निदेशक मंडल ने 10 मई 2011, 28 जून 2011, 10 अगस्त, 2011, 07 नवंबर, 2011 तथा 06 फरवरी 2012 को 5 बैठकों में भाग लिया।

ख) कंम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 283 (1) (छ) के अनुसार अनुपस्थिति की अनुमति प्रदान की गई थी।

ग) वर्ष 2011-12 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति के विवरण निम्न प्रकार है :-

| निदेशक | 2011-12 में मंडल की बैठकों की संख्या | | अंतिम वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| | आयोजित (उनके कार्याकाल के दौरान) | उपस्थितियां | |
| ए. पी. मिश्रा | 5 | 5 | हां |
| मोहन तिवारी | 5 | 5 | हां |
| के.के. गर्ग | 5 | 5 | हां |
| दीपक सबलोक | 5 | 4 | हां |
| हितेश खन्ना | 5 | 5 | हां |
| जी. वी. राव | 5 | 5 | हां |
| एस. एस. चटर्जी | 2 | 2 | हां |
| बी. एम. शर्मा | 2 | 2 | नहीं |
| बी. एन. राजशेखर | 4 | 2 | हां |
| डी. के. सराफ | शून्य | शून्य | लागू नहीं |

सुश्री ललिता गुप्ता, कंपनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि) ने 2011-12 में आयोजित पांच में से चार बोर्ड बैठकों में भाग लिया। वे नवंबर, 2011 की बैठक में भाग नहीं ले पाईं और सहायक कंपनी सचिव ने इस बैठक में भाग लिया।

**6. कम्पनी के बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रंबधन के लिए आचार संहिता तथा सम्पूर्ण संगठन के लिए आधारभूत मूल्य**

कम्पनी में निदेशक मंडल के सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन (पूर्णकालिक निदेशकों, अपर महाप्रबंधक व ऊपर के अधिकारी तथा परियोजनाओं/विभागों के प्रमुखों) के लिए आचार संहित तथा कम्पनी के लिए समग्र रूप से आधारभूत मूल्य विद्यमान हैं । ये संहिता 1 अप्रैल 2005 से प्रभावी होगी तथा इन्हें वेबसाइट www.ircon.org में भी शामिल किया गया है। वर्ष 2011-12 के दौरान निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन दल के सदस्यों द्वारा आचार संहिता तथा आधारभूत मूल्यों के अनुपालन को सुनिश्चित करने वाले प्रबंध निदेशक द्वारा हस्तक्षरित घोषणा **संलग्नक सी-1** पर उपलब्ध है।

**7. लेखापरीक्षा समिति**

**7.1 संदर्भ शर्तें**

निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित लेखापरीक्षा समिति के लिए संदर्भ शर्तों में निम्नलिखित महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं :-

1. कम्पनी की वित्तीय सूचना की प्रक्रिया और प्रकटन का पर्यवेक्षण करके लेखों की परिशुद्धता, पर्याप्तता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित करना है।
2. निदेशक मंडल द्वारा वार्षिक वित्तीय विवरण को स्वीकृति दिए जाने से पूर्व प्रबंधन के साथ समीक्षा करना। विशेष रूप से-
   क) लेखांकन नीतियों तथा पद्धतियों में परिवर्तन व इसके कारण।
   ख) वित्तीय विवरणों से संबंधित सूचीकरण एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन।
   ग) लेखांकन मानकों तथा निदेशक की रिपोर्ट के प्रकटीकरण के अनुपालन से संबंधित मुद्दे।
   घ) संबंधित पक्षों के संव्यवहार।
   ङ) मसौदा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में योग्यता आदि।
3) निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत किए जाने से पूर्व तिमाही वित्तीय विवरणों की प्रबंधन के साथ समीक्षा।
4) प्रचालनों की वित्तीय स्थिति तथा परिणामों पर प्रबंधन द्वारा चर्चा व विश्लेषण।
5) बाहरी व आंतरिक, दोनों लेखापरीक्षकों के साथ महत्वपूर्ण विषयों व कार्य के क्षेत्रों पर चर्चा।
6) सांविधिक तथा आन्तरिक लेखापरीक्षकों के कार्यनिष्पादन, आन्तरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना तथा कार्यकरण सहित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता तथा आंतरिक लेखपरीक्षा रिपोर्टों के संबंध में प्रबंधन के साथ समीक्षा करना।
7) सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति, प्रतिस्थापन, आदि तथा लेखापरीक्षकों द्वारा किन्हीं अन्य अनुमेय सेवाओं के लिए शुल्क की स्वीकृति सहित उनके लेखापरीक्षा शुल्क की सिफारिशों की समीक्षा करना।

8) आन्तरिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक की समीक्षा।

9) जोखिम आकलन तथा जोखिम कम करने, आदि के संबंध में जोखिम नीति और उसके कार्यान्वयन की समीक्षा।

लेखापरीक्षा समिति ने निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृति के लिए वर्ष 2011-12 के वार्षिक लेखों पर सिफारिश करने से पूर्व वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया, वर्ष 2011-12 के लिए वार्षिक वित्तीय विवरणों, प्रबंध निदेशक तथा निदेशक वित्त द्वारा देय अनुपालन की घोषणा, लेखापरीक्षकों, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका आदि सहित उक्त संदर्भ शर्तों के अनुसार मुद्दों की समीक्ष की थी। लेखापरीक्षा समिति ने सहायक कंपनी के वित्तीय विवरणों तथा कार्यनिष्पादन की भी समीक्षा की थी।

**7.2 लेखापरीक्षा समिति - वर्ष 2011-12 के दौरान गठन व उपस्थिति :**

सूचीकरण करार के खंड 49 और मिनीरत्न की शर्तों के अनुसार और निदेशक मंडल के अनुमोदन से लेखापरीक्षा समिति का गठन मूलत: 28.4.2000 को कर दिया गया था जिसमें कम्पनी के चार अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक सम्मिलित हैं। जब कभी स्वतंत्र निदेशकों में परिवर्तन होता है तो इनकी पुनर्स्थापना की जाती है।

लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन अंतिम बार अक्टूबर 2011 में सभी शासित नियमों के पूर्ण अनुपालन में तीन स्वतंत्र निदेशकों के साथ हुआ था:

| | | |
|---|---|---|
| श्री बी.एम.शर्मा, स्वतंत्र निदेशक | - | अध्यक्ष |
| प्रो (डॉ) एस.एस.चटर्जी, स्वतंत्र निदेशक | - | सदस्य |
| डॉ जी.वी.राव, स्वतंत्र निदेशक | - | सदस्य |

वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान 10 मई, 2011, 10 अगस्त, 2011, 07 नवम्बर, 2011, 06 फरवरी, 2012 को लेखा परीक्षा समिति की 4 बैठकें आयोजित हुईं।

उपस्थिति विवरण निम्न प्रकार है:-

| सदस्य | पद | आयोजित बैंठकें (इनके कार्यकाल के दौरान) | बैठकें जिनमें भाग लिया |
|---|---|---|---|
| श्री बी.एम.शर्मा | अध्यक्ष (20.10.2011 से) | 2 | 2 |
| एस.एस.चटर्जी | सदस्य (20.10.2011 से) | 2 | 2 |
| जी.वी. राव | अध्यक्ष (19.10.20111 तक) और सदस्य (20.10.2011 से) | 4 | 4 |
| बी.एन. राजशेखर | सदस्य (19.10.2011 तक) | 2 | 1 |
| मोहन तिवारी | सदस्य (19.10.2011 तक) | 2 | 2 |

सुश्री ललिता गुप्ता, कम्पनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि) समिति की सचिव हैं और इन्होंने वर्ष 2011-12 के दौरान आयोजित चार में से तीन बैठकों में भाग लिया। नवंबर 2011 को आयोजित बैठक में यह भाग नहीं लें पाईं और इनके स्थान पर सहायक कंपनी सचिव ने बैठक में भाग लिया।

**8. शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति**

कम्पनी ने 6 जून 2001 को निदेशकों की एक शेयरधारक/निदेशक शिकायत समिति का गठन किया है। निदेशकों के पदों में परिवर्तन के कारण समिति का पुनर्गठन समय-समय पर किया जाता है। समिति की वर्तमान संरचना इस प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| श्री डी.के.सराफ, अंशकालीन सरकारी निदेशक | - | अध्यक्ष |
| श्री के.के. गर्ग, निदेशक वित्त | - | सदस्य |
| श्री दीपक सबलोक, निदेशक परियोजना | - | सदस्य |

सुश्री ललिता गुप्ता, कम्पनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि) अनुपालन अधिकारी हैं। अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है तथा हस्तांतरण के लिए कोई शेयर लंबित नहीं है। एक अर्धवार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कहा गया है कि"शेयरों के हस्तांतरण, तुलन पत्र के प्राप्त न होने, घोषित लाभांश के प्राप्त न होने के संबंध में कोई निवेशक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है", को इस समिति के सभी सदस्यों को परिपत्रित किया गया है।

## 9. अन्य समितियां

### 9.1 पारिश्रमिक समिति

वार्षिक बोनस/परिवर्तनीय-पे पूल तथा कार्यपालकों व गैर यूनियनीकृत पर्यवेक्षकों में इसके वितरण के लिए नीति का निर्धारण करने हेतु निर्धारित समय-सीमा के भीतर सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी निगमित शासन दिशा-निर्देशों के खंड-5.1 का अनुसरण करते हुए पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है। इसमें एक स्वतंत्र निदेशक (समिति के अध्यक्ष) तथा सदस्य के रुप में दो अंशकालीन (सरकारी) निदेशक हैं। पिछली कर समिति का पुर्नगठन मार्च 2012 में निम्नानुसार किया गया था:

| | | |
|---|---|---|
| श्री जी.वी. राव, स्वतंत्र निदेशक | - | अध्यक्ष |
| श्री बी. एम. शर्मा, स्वतंत्र निदेशक | - | सदस्य |
| श्री डी. के. सराफ, अंशकालीन सरकारी निदेशक | - | सदस्य |

समिति की एक बैठक 7 नवम्बर, 2011 को आयोजित की गई थीं।

सदस्यों की उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| सदस्य | पद | आयोजित बैठकें | बैठकों में भाग लिया |
|---|---|---|---|
| श्री जी.वी.राव | अध्यक्ष | 1 | 1 |
| श्री ए.पी. मिश्रा | सदस्य | 1 | 1 |
| श्री बी.एन. राजशेखर | सदस्य | 1 | 1 |

कम्पनी सचिव सुश्री ललिता गुप्ता एवं महाप्रबंधक (विधि) पारिश्रमिक समिति की सचिव हैं और वे इस बैठक में शामिल नहीं हो पाईं व उनके स्थान पर सहायक कम्पनी सचिव ने बैठक में भाग लिया।

### 9.2 धारणीय विकास समिति

धारणीय विकास योजना को स्वीकृति प्रदान करने तथा धारणीय विकास निष्पादन की निगरानी करने के लिए डीपीई धारणीय विकास दिशानिर्देशों के पैरा 3.3 के अनुसरण में धारणीय विकास समिति का गठन किया गया है। समिति का गठन नवंबर 2011 में निम्नानुसार किया गया था:

| | | |
|---|---|---|
| प्रो(डॉ) एस.एस.चटर्जी, स्वतंत्र निदेशक | - | अध्यक्ष |
| श्री दीपक सबलोक, निदेशक परियोजना | - | सदस्य |
| श्री हितेश खन्ना, निदेशक कार्य | - | सदस्य |

धारणीय विकास योजना की समीक्षा करने तथा इसे सुचारु बनाने के लिए समिति की बैठक का आयोजन 24 जुलाई 2012 को किया गया था, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। कम्पनी सचिव सुश्री ललिता गुप्ता एवं महाप्रबंधक (विधि) धारणीय विकास समिति की सचिव हैं और उन्होंने इस बैठक में भाग लिया।

### 9.3 शेयर इश्यू समिति

कंपनी ने शेयर प्रमाणपत्र जारी करने आदि को स्वीकृति प्रदान करने के लिए कंपनी (शेयर प्रमाणपत्र जारी करना) नियम, 1956 के अनुसार शेयर इश्यू समिति का गठन किया है। पिछली बार समिति का पुनर्गठन मार्च 2012 में निम्नानुसार किया गया था:

| | | |
|---|---|---|
| श्री के.के. गर्ग, निदेशक वित्त | - | अध्यक्ष |
| श्री जी.वी. राव, स्वतंत्र निदेशक | - | सदस्य |
| श्री डी.के.सराफ, अंशकालीन सरकारी निदेशक | - | सदस्य |

कम्पनी सचिव सुश्री ललिता गुप्ता एवं महाप्रबंधक (विधि) शेयर इश्यू समिति की सचिव हैं । वर्ष 2011-12 के दौरान समिति की बैठक की आवश्यकता नहीं थी।

### 9.4 निवेशक समिति

आवश्यकता होने पर कंपनी की अतिरिक्त निधियों के निवेश के लिए कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 292 के अनुसरण में निवेशक समिति का गठन किया गया था। पिछली बार कंपनी का पुनर्गठन निम्नानुसार नवंबर 2010 को किया गया था:

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहन तिवारी, प्रबंध निदेशक | - | अध्यक्ष |
| श्री के.के.गर्ग, निदेशक वित्त | - | सदस्य |
| श्री दीपक सबलोक, निदेशक परियोजना | - | सदस्य |

वर्ष 2011-12 के दौरान समिति की 10 मई 2011, 21 अक्टूबर 2011 तथा 25 जनवरी 2012 तीन बैठकें आयोजित की गईं । सदस्यो की उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है :

| सदस्य | पद | आयोजित बैठकें | बैठकों में भाग लिया |
|---|---|---|---|
| मोहन तिवारी | अध्यक्ष | 3 | 3 |
| के. के. गर्ग | सदस्य | 3 | 3 |
| दीपक सबलोक | सदस्य | 3 | 1 |

कम्पनी सचिव सुश्री ललिता गुप्ता एवं महाप्रबंधक (विधि) निवेश समिति की सचिव हैं और उन्होंने वर्ष 2011-12 में सभी बैठकों में भाग लिया।

**10. सहायक कंपनी (कंपनियों) से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन**

इरकॉन इंटरनेशनल एंड सर्विसिज लिमिटेड (इरकॉन आईएसएल) इरकॉन की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है। भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम लिमिटेड (आईआरएसडीसी) इरकॉन की सहायक कंपनी है और यह इरकॉन और रेल भूमि विकास निगम लि. के बीच एक संयुक्त उद्यम भी है, जिसमें इरकॉन की इक्विटी 51 प्रतिशत है। इरकॉन आईएसएल तथा आईआरएसडीसी सूचीबद्ध कंपनियां नहीं हैं।

वर्ष 2010-11 या 2011-12 के दौरान इरकॉन आईएसएल का टर्नओवर/नेट वर्थ इरकॉन (धारक कंपनी)के टर्नओवर या नेटवर्थ के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं है। इसलिए, इरकॉन आईएसएल ना तो सूचीकरण करार के अंतर्गत "सामग्रीगत सहायक कंपनी "है और ना ही डीपीई सीजी दिशानिर्देशों के अनुसार सहायक कंपनी ही है। आईआरएसडीसी का गठन वर्ष 2011-12 की समाप्ति के बाद ही किया गया था। इरकॉन आईएसएल तथा आइआरएसडीसी, दोनों कंपनियों की बोर्ड की बैठकों के कार्यवृत्त तथा अन्य महत्वपूर्ण संव्यवहार तथा व्यवस्थाओं/निष्पादनों को इरकॉन के निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

**11. वार्षिक आम बैठक**

| वित्त वर्ष | वार्षिक बैठक की तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 2010-2011 | 20 सितम्बर 2011 | 12.30 बजे अपराह्न | कपंनी का पंजीकृत कार्यालय, दिल्ली |
| 2009-2010 | 22 सितम्बर 2010 | 5 बजे अपराह्न | कपंनी का पंजीकृत कार्यालय, दिल्ली |
| 2008-2009 | 4 सितम्बर 2009 | 5 बजे अपराह्न | कपंनी का पंजीकृत कार्यालय, दिल्ली |

**11.1** आयोजित की गई अंतिम 3(तीन) वार्षिक आम बैठकों का विवरण इस प्रकार है:

**11.2** पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों (2008-09 से 2010-11 तक)में कोई विशेष संकल्प अपेक्षित या पारित नहीं किया गया है। तथापि, दिल्ली तथा मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज से इरकॉन के इक्विटी शेयरों के विसूचीकरण के प्रस्ताव के लिए तथा संवीक्षा रिपोर्ट के आधार पर 22 सितंबर 2010 की वार्षिक आम बैठक में यह घोषणा के आधार पर वर्ष 2010-11 के दौरान पोस्टल बैलेट के माध्यम से एक विशेष संकल्प पारित किया गया था।

पोस्टल बैलेट के मतदान के पैटर्न से संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार है :

| विवरण | पोस्टल बैलेट फार्मों की संख्या | वोटों की संख्या (इक्विटी शेयर) | मान्य वोटों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| प्राप्त मान्य पोस्टल बैलेट फार्मों की संख्या | 12 | 9897800 | 100 |
| संकल्प के पक्ष में वोट | 12 | 9897800 | 100 |
| संकल्प के विरोध में वोट | शून्य | शून्य | 0 |
| प्राप्त मान्य पोस्टल बैलेट फॉर्मों की संख्या | शून्य | शून्य | 0 |

**11.3.** कंपनी ने मैसर्स एम. बांगिया एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव के पूर्णकालीन सेवारत कंपनी सचिव श्री मनोज बांगिया को पोस्टल बैलेट के उद्देश्य से संवीक्षक नियुक्त किया था।

**11.4** आगामी वार्षिक आम बैठक में पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई विशेष संकल्प पारित करने का प्रस्ताव नहीं है क्योंकि 15 मार्च 2012 से इरकॉन एक सूचीबद्ध कंपनी नहीं है। तथापि, अपने शेयरों के बाय-बैक, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पदनाम, तथा अनावश्यक प्रावधानों को हटाने के लिए प्रावधान करने के लिए एक विशेष संकल्प के माध्यम से इरकॉन के अनुच्छेदों में संशोधन करने का प्रस्ताव है।

**12. प्रकटन**

**12.1** ऐसे भौतिक प्रकृति के संबंधित पार्टी लेन-देन नहीं थे, जिसका कम्पनी के हित में संभाव्य विरोध था।

**12.2.** कम्पनी ने वित्तीय विवरणों को तैयार करके इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखांकन मानकों का अनुसरण किया है। लेखांकन मानकों से विपथन को "अनुपालन" शीर्ष के भाग के रुप में नोट सं 40(ग) तथा 41 में दिए गए स्व-व्याख्यात्मक नोट में स्पष्ट किया गया है।

**12.3** कंपनी के व्यवसाय उद्देश्यों से इतर लेखों की बहियों में व्यय की किसी भी मद को नामे नहीं किया गया है। सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन एवं पर्क (इस रिपोर्ट के पैरा 4 में दिए गए विवरण तथा वित्तीय विवरणों के भाग के रुप में नोट सं 37 में भी प्रकटित) के अनुसार पारिश्रमिक को छोड़कर निदेशकों तथा शीर्ष प्रबंधन के व्यक्तिगत उद्देश्य के लिए कंपनी द्वारा कोई व्यय नहीं किया गया है।

**12.4** कुल व्यय के प्रतिशत के रुप में प्रशासनिक एवं कार्यालयी व्ययों का ब्यौरा तथा वृद्धि के कारणों को नीचे दर्शाया गया है :

(₹ करोड़ में )

| विवरण | 2010-11 | 2011-12 | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| प्रशासनिक तथा अन्य व्यय | 27.04 | **26.21** | |
| बैंक तथा अन्य वित्तीय प्रभार | 8.34 | **6.51** | |
| कुल व्यय | 2852.90 | **3179.78** | |
| प्रशासनिक व्यय/कुल व्यय(प्रतिशत में) | 0.95 | **0.82** | पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष व्यय में |
| बैंक तथा वित्तीय प्रभार/कुल व्यय (प्रतिशत में) | 0.29 | **0.20** | कोई वृद्धि नहीं हुई है। |

**12.5** कम्पनी हर तिमाही में बोर्ड को जोखिम भरे क्षेत्रों में उनकी परियोजनाओं तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन से संबंधित जोखिमों के संबंध में सूचित करती है। जोखिम प्रबंधन से संबंधित ब्यौरा "जोखिम तथा चिंता" शीर्ष के अंतर्गत प्रबंधन विचारविमर्श तथा विश्लेषण रिपोर्ट में दिया गया है।

**12.6** कंपनी में निदेशक मंडल की स्वीकृति से जालसाजी निवारण, इसका पता लगाने तथा नियंत्रण की नीति विद्यमान है ताकि जालसाजी का पता लगाया जा सके तथा निवारण के लिए एक नीति उपलब्ध कराई जा सके और पता लगाए गए या आशंकित किसी मामले की रिपोर्टिंग की जा सके और जालसाजी से संबंधित मामलों से निपटा जा सके।

**12.7** कंपनी में निदेशक मंडल की स्वीकृति वाली विसल ब्लोवर नीति विद्यमान है जिसके अंतर्गत कर्मचारियों के लिए ऐसा तंत्र विद्यमान है जिसके द्वारा वे अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या आशंकित जालसाजी, कंपनी की आचार संहिता या नैतिक नीति के उल्लंघन से संबंधित मामलों को प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। इस नीति में उन कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरुद्ध पर्याप्त सुरक्षा प्रावधान विद्यमान हैं, जिन्होंने इस तंत्र को अपनाया है। इसमें आपवादिक मामलों में लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से सीधे संपर्क का भी प्रावधान है।

**12.8** किसी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति से मिलने से इनकार किए जाने का कोई प्रश्न सामने नहीं आया है।

**12.9** कंपनी ने वर्ष 2011-12 के दौरान ना तो शेयरों का कोई पब्लिक इश्यू जारी किया है और ना ही कोई प्रोसिक्यूट्स या प्रस्ताव पत्र ही जारी किया है।

**12.10** किसी सांविधिक विनियम या सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की कोई घटना नहीं हुई है और पूंजी बाजार से संबंधित किसी मुद्दे पर कंपनी पर कोई दंड या प्रतिबंध नहीं लगाए गए हैं।

**12.11** डीपीई सीजी दिशानिर्देशों के स्व-मूल्यांकन के अनुसरण में इरकॉन ने वर्ष 2011-12 के लिए 100 में से 95 का वार्षिक अंक तथा उत्कृष्टता ग्रेड प्राप्त किया है।

## 13. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

प्रबंध निदेशक तथा निदेशक वित्त ने वित्तीय विवरणों की सत्यता तथा सटीकता, देय अनुपालनों तथा वित्तीय रिपोर्टिंग, जिसे निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, के संबंध में लिखित रुप में प्रमाणित किया है। (इस रिपोर्ट के अनुबंध ग-2 पर संलग्न है)

## 14. शेयरधारकों के लिए सामान्य सूचना

### 14.1 स्टॉक एक्सचेंज से इक्विटी शेयरों का डी-लिंकिंग

इरकॉन 15.03.2012 से एक सूचीबद्ध कंपनी नहीं है। कंपनी ने सितंबर 2011 तक सूचीकरण करार की अपेक्षाओं का अनुपालन किया था। चूंकि कंपनी 03.11.2011 से बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएससी) से डी-लिस्ट हो गई है, इसलिए दिनांक 04.11.2011 के दिल्ली स्टॉक एक्सचेंज के ई-मेल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का प्रश्न नहीं उठता है, हालांकि डीएसई ने उनकी ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी करने के पश्चात ही इरकॉन को 15.03.2012 को वास्तव में डी-लिस्ट किया था।

### 14.2 सम्प्रेषण के माध्यम

क) वार्षिक आम बैठक से पूर्व शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट आदि भेजने के अतिक्ति, लक्ष्यों की तुलना में वित्तीय निष्पादनों सहित कंपनी की परियोजनाओं की प्रगति पर आवधिक रिपोर्ट को प्रशासनिक मंत्रालय भारत सरकार को भेजा जाता है।

ख) 2011-12 की प्रथम तिमाही के परिणामों को इंडियन एक्सप्रेस तथा फाइनांशियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी) तथा जनसत्ता (हिन्दी)में प्रकाशित किया गया था और इरकॉन के इक्विटी शेयरों के डीलिस्टिंग तक वेबसाईट पर भी रखा गया था। वर्ष 2010-11 के लिए लेखापरीक्षित

वार्षिक लेखों सहित वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

ग) निम्नलिखित को कंपनी की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया गया है:

'i) कंपनी की शेयरधारिता का पैटर्न।

ii) महत्वपूर्ण निगमित शासन नीतियां जैसे धोखाधड़ी निवारण, परिचयन तथा नियंत्रण नीति तथा विसल ब्लोवर नीति।

iii) निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता।

घ) अनुपालन अधिकारी का ई-मेल आई डी वेबसाइट में "इन्वेस्टर कार्नर" शीर्षक के अन्तर्गत दिया गया है, जिसे विशिष्ट रूप से निवेशकों को अपनी शिकायतें पंजीकृत करने के लिए बनाया गया है ताकि निवेशकों में जागरूकता लाई जा सके।

### 14.3 चालू वर्ष के लिए वार्षिक आम बैठक

| | | |
|---|---|---|
| तारीख | : | 25 सितम्बर, 2012 |
| समय | : | शाम 5.00 बजे |
| स्थान | : | कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय का सम्मेलन कक्ष : सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110007 |

### 14.4 बही बंद करने की तारीखें

सदस्यों का रजिस्टर तथा स्थानांतरण बही 24.09.2012 तथा 25.09.2012 को बंद रहेंगी।

### 14.5 स्टॉक कूट् (कोड)

इरकॉन के इक्विटी शेयरों को डीलिस्ट किए जाने से पूर्व कंपनी का स्टॉक कोड निम्न प्रकार था:

| शेयर बाजार | स्टॉक कूट |
|---|---|
| बम्बई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड | 523596 |
| दिल्ली स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड | 09048 |

### 14.6 शेयरधारण का वितरण (इस रिपोर्ट की तारीख को)

| वर्ग | धारित शेयरों की संख्या | शेयरधारण का प्रतिशत |
|---|---|---|
| भारत के राष्ट्रपति व सरकारी नामितों के नाम पर केन्द्र सरकार को | 98,71,200 | 99.729% |
| भारतीय रेल वित्त निगम लिमिटेड | 24,400 | 0.247% |
| बैंक ऑफ इंडिया | 2,400 | 0.024% |
| **कुल** | **98,98,000** | **100.000%** |

पदधारियों को बदले जाने के परिणामस्वरूप किसी सरकारी नामिती शेयरधारक से दूसरे शेयरधारकों को शेयरों का अंतरण करना सामान्यत: एक तकनीकी कार्य है क्योंकि 99.729% शेयर सरकार के होते हैं। इन शेयरों का अंतरण करने के लिए कंपनी सचिव एक प्राधिकृत अधिकारी है और कोई अंतरण बाकी नहीं हैं।

### 14.7 संयंत्र अवस्थिति / प्रचालनिक इकाइयां

कम्पनी के पास संयंत्र स्थल नहीं है किन्तु देश के 11 से अधिक राज्यों तथा 5 देशों में इनकी प्रचालनिक इकाइयां नियंत्रण में हैं। इन इकाइयों की सूची कम्पनी की बेवसाइट www.ircon.org पर उपलब्ध है।

### 14.8 <u>पंजीकृत कार्यालय (इस रिपोर्ट के अंतर्गत शामिल निगमित शासन मामलों के संबंध में) के साथ पत्राचार का पता निम्न है :</u>

कम्पनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि),
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर
साकेत, नई दिल्ली-110017
टेलीफोन : 91-11-26545265/26530456
फैक्स : 91-11-26522000/26854000
ई-मेल : lalitha.gupta@ircon.org
वेबसाइट : www.ircon.org

**15. निदेशक मंडल के सदस्यों का प्रशिक्षण**

कंपनी की यह नियमित प्रथा है कि नए बोर्ड सदस्यों को उनकी नियुक्ति के पश्चात निदेशक मंडल की पहली बैठक में और कंपनी के वार्षिक लेखों पर विचार करते समय आवधिक रुप से प्रत्येक वर्ष कंपनी के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आरंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्हें अभिलेख भी प्रदान किए जाते हैं जिनमें शामिल हैं, ब्रॉशर, वार्षिक रिपोर्ट, अद्यतन अलेखापरीक्षित परिणाम, समझौता ज्ञापन, लक्ष्यों और उपलब्धियों सहित निगमित योजना, ज्ञापन तथा संगम अनुच्छेद तथा निगमित शासन पर प्रायोगिक पुस्तिका, निदेशकों के अधिकार, भूमिका और उत्तरदायित्व। वर्ष 2011-12 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को स्कोप द्वारा आयोजित 2-3 दिनों के प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया था।

**16. कार्पोरेट शासन का अनुपालन**

यह रिपोर्ट वर्ष 2011-12 के लिए कार्पोरेट शासन रिपोर्ट में उजागर किए गए आंकड़ों के सबंध में विधिक अपेक्षाओं का विधिक पालन करती है।

कार्पोरेट शासन की शर्तों के अनुपालन संबंधी प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव से प्राप्त प्रमाण पत्र **इस रिपोर्ट के संलग्नक सी-3 पर उपलब्ध है।**

**के. के. गर्ग**
निदेशक वित्त

**मोहन तिवारी**
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.09.2012

* वार्षिक आम बैठक की तारीख में 07-09-2012 से 13-09-2012 और तत्पश्चात 25-09-2012 परिवर्तन होने के कारण निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 25-07-2012 तथा तत्पश्चात निदेशक मंडल के दिनांक 05-09-2012 तथा 11-09-2012 के नोट के तहत संशोधन द्वारा स्वीकृत निगमित शासन रिपोर्ट।

---

**संलग्नक "सी 1"**

**वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबन्धन द्वारा आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में प्रबन्ध निदेशक द्वारा घोषणा**

मैं, मोहन तिवारी, प्रबन्ध निदेशक, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि निदेशक मंडल के सभी सदस्य तथा वरिष्ठ प्रबन्धन दल द्वारा वर्ष 2011-12 के दौरान आचार संहिता तथा आधारभूत मूल्यों के अनुपालन की अभिपुष्टि की गई है।

**मोहन तिवारी**
प्रबन्ध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25.07.2012

इरकॉन

